आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 174 ● कटनी ● मंगलवार, 26 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास कृष्ण पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## मप्र में भारी बारिश के आसार, श्योपुर में बाढ़ में घिरीं 20 भैंसों की मौत

# रीवा में बिजली गिरने से 3 बिहार में 11 लोगों की जान गई

**नई दिल्ली,भोपाल,यशभारत, एजेंसी।** देश के ज्यादातर राज्यों में बारिश हो रही है। कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटों में गोवा, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल और सिक्किम, राजस्थान, गुजरात के कुछ इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। बिजली गिरने से रीवा में 3 और बिहार में 11 लोगों की जान चली गई है। मप्र की राजधानी भोपाल समेत मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम, बुंदेलखंड, बघेलखंड और ग्वालियर-चंबल बेल्ट में लगातार चार दिन से बारिश जारी है। भोपाल में रातभर पानी गिरा। सुबह से भी रिमझिम तो कभी तेज बारिश हो रही है। नदी-नाले उफनाए हुए हैं और किनारों पर बाढ़ का खतरा है। श्योपुर में देर रात ढोढर क्षेत्र के माधो का डेरा गांव को जाने वाले रास्ते की पुलिया पर पानी आ गया। पानी में फंसने से 20 भैंसों की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार भैंस जंगल से लौट रही थीं। प्रशासन ने भी





भैंसों की मौत होने की पुष्टि की है। रीवा में 24 घंटे के दौरान बिजली गिरने की घटनाओं में 3 लोगों की जान चली गई। भोपाल में भदभदा से लेकर कलियासोत और कोलार डैम तक के गेट खोलने पड़े। भोपाल-मंडीदीप रोड पर समरधा के पास एक साल पहले ही बना पुल का बड़ा हिस्सा ढह गया। निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। तवा, नर्मदा, शिप्रा, बेतवा और पार्वती किनारे बाढ़ का खतरा है। पार्वती उफनाने से श्योपुर-कोटा हाईवे फिर बंद हो गया।

**सुनार नदी उफान पर**

दमोह के अलग-अलग हिस्सों में हो रही बारिश के बाद अब नदियां उफान पर आने लगी है। सोमवार शाम सुनार नदी उफान पर आने के कारण दमोह पथरिया रास्ता बंद हो गया है। नोरूमारा के पास पुल डूब गया, जिससे पूरा आवागमन बंद हो गया है। करीब 1 घंटे से यहां पर लोग दोनों तरफ फंसे हुए हैं। पुल पर पानी आने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और दोनों तरफ से लोगों को निकलने की मनाही कर दी गई है। पुलिस के मना करने के बावजूद भी कुछ लोग रेलवे पुल से वाहनों को लेकर निकल रहे हैं, जो काफी जोखिम भरा हो सकता है। इसी पुल के रेलवे ट्रैक पर ट्रेन निकलती रहती है।

## गुजरात में जहरीली शराब का कहर

# अब तक 21 की मौत, 45 की हालत गंभीर

**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात के बोटाद जिले में जहरीली शराब पीने से अब तक 21 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 45 लोग गंभीर रूप से बीमार हैं। सोमवार को इस केस में 10 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने देर रात शराब बनाने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।सूत्रों के मुताबिक मुख्य आरोपी ने पूछताछ में बताया कि शराब फैक्ट्री में मेथनॉल की आपूर्ति की जा रही थी। ये केमिकल अहमदाबाद से सीधे सप्लाई किया जाता था। इधर, जिले के प्रभारी मंत्री वीनू मोरदिया ने कहा है कि दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बोटाद जिले के रोजिद गांव में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। राज्य में शराबबंदी होने के बावजूद इस त्रासदी में अब तक 19 लोगों की मौत हो चुकी है और 45 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं दूसरी ओर भूपेन्द्र पटेल सरकार लगातार नजर बनाए हुए है। सोमवार को सीएम पटेल ने एक हाई लेवल मीटिंग की और अफसरों को आगे की कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। गुजरात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार रात बताया कि कुछ मरीजों की हालत गंभीर है। मामले में पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया है। गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) और अहमदाबाद अपराध शाखा भी जांच में शामिल हो गयी हैं।

**अहमदाबाद से हो रही थी केमिकल की सप्लाई**

## मेहंदीपुर बालाजी के पास सड़क हादसा

# 40 कांवड़िए घायल, 16 की हालात गंभीर

**जयपुर ,एजेंसी।** राजस्थान के दौसा जिले के नेशनल हाइवे 21 पर सड़क दुर्घटना में 40 कांवड़िए घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। मानपुर सीओ सीताराम मीना मौके पर पहुंच गए है। घायलों को महुआ, सिकराय और टोडाभीम एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसा सिकराय के पास हुआ है। घटना देर रात की बताई जा रही है। घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार 16 कांवड़ियों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। 15 कांवड़ियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हें जयपुर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार एनएच 21 पर खेड़ा पहाड़पुर के समीप हादसा हुआ। मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र की घटना है। पुलिस के अनुसार रात 12 बजे स्पीड में आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने रोड किनारे चल रहे कांवड़ियों के कैंटर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रक के आगे का हिस्सा रोड किनारे चल रहे कांवड़ियों के कैंटर की बॉडी में ही अटक गया।

## कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में गोलीबारी

# भारतीय मूल के 2 लोगों समेत कई की मौत

टोरंटो,एजेंसी। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में गोलीबारी की खबर आ रही है। इसमें कई लोगों को गोली लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गोलीबारी में दो भारतीय मूल के लोगों की भी मौत हुई है। इससे 10 दिन पहले कनाडा में रिपुदमन सिंह मलिक की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रिपुदमन सिंह का नाम 1985 में एअर इंडिया की फ्लाइट के हाइजैक करने में आया था।

## ईडी की सोनिया से पूछताछ

# धरने पर बैठे राहुल कई सांसद हिरासत में

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी की दूसरे दिन की पूछताछ करीब 1 घंटे से जारी है। वहीं पूछताछ के खिलाफ कांग्रेस पूरे देश में सत्याग्रह कर रही है। पार्टी सांसदों के साथ राहुल गांधी विजय चौक के पास धरने पर बैठ गए हैं। वहीं दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत कई सांसदों को हिरासत में ले लिया है। खबर है कि इमरान प्रतापगढ़ी, केसी वेणुगोपाल, दीपेंद्र हुड्डा समेत कई नेता पुलिस वैन में मौजूद हैं। कांग्रेस के सभी सांसद पार्लियामेंट से राष्ट्रपति भवन तक विरोध मार्च करते हुए जा रहे थे, जिसे दिल्ली पुलिस ने रोक दिया है। सोनिया गांधी से नेशनल हेराल्ड केस में इससे पहले 21 जुलाई को पूछताछ हो चुकी है।





**महिला कांग्रेस ने काले गुब्बारे उड़ाए**

कांग्रेस महासचिव अजय माकन ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस कांग्रेस के बड़े नेताओं को राजघाट भी नहीं जाने दे रही है। हमें प्रदर्शन करने से रोका जा रहा है। हालांकि, दफ्तर के बाहर महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध में काले गुब्बारे उड़ाए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के इशारे पर कांग्रेस को प्रदर्शन करने से रोका जा रहा है। हम डरने वाले नहीं हैं। कांग्रेस मुख्यालय के बाहर भारी संख्या में सुरक्षाबलों के जवानों की तैनाती की गई है। संसद सत्र चलने की वजह से प्रदर्शन करने पर रोक मुख्यालय के बाहर धारा 144 लागू कर दी गई है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज कांग्रेस का राजघाट पर धरना प्रदर्शन था। भाजपा के लोग होते तो वे आगजनी करते, हम तो शांतिपूर्ण विरोध कर रहे हैं। आज अगर वहां प्रदर्शन होता तो ट्रैफिक में कोई बाधा नहीं आती। हमारी खुद के पार्टी मुख्यालय के अंदर इंट्री बंद है। देश का हर नागरिक डरा हुआ है। बार-बार सोनिया जी को बुलाना... क्या पूछताछ करते हैं? इन्हें क्यों टारगेट बना रहे हैं? जबकि भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा का कहना है कि कांग्रेस सत्याग्रह के नाम पर ड्रामा कर रही है। भ्रष्टाचार पर मोदी सरकार जीरो टॉलरेंस अपना रही है। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए ऐसा कर रही है।

# 5G स्पेक्ट्रम ऑनलाइन नीलामी

नई दिल्ली,एजेंसी। 5G टेलीकॉम स्पेक्ट्रम की नीलामी मंगलवार यानी आज हो रही है। बोली प्रक्रिया सुबह 10 बजे से ऑनलाइन शुरू हो चुकी है जो शाम 6 बजे तक चलेगी। रिलायंस जियो, भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और अडाणी डेटा नेटवर्क्स 5त्र टेलीकॉम स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाएंगे। टेलीकॉम डिपार्टमेंट के सूत्रों ने कहा कि नीलामी के दिनों की संख्या रेडियो वेव्स की एक्चुअल डिमांड और इंडिविजुअल बिडर्स की स्ट्रैटेजी पर निर्भर करेगी। नीलामी के दौरान 4.3 लाख करोड़ रुपए के कुल 72 त्र॥5 स्पेक्ट्रम को ब्लॉक पर रखा जाएगा। इसकी वैलिडिटी 20 साल की होगी। नीलामी विभिन्न लो फ्रीक्वेंसी बैंड, मीडियम और हाई फ्रीक्वेंसी बैंड रेडियो वेव्स के लिए होगी। नीलामी में सफल रहने वाली कंपनी इसके जरिए 5त्र सर्विस मुहैया करा सकेंगी। यह मौजूदा 4त्र सर्विस से 10 गुना ज्यादा तेज होगी।

# साइको किलर इंजीनियर

## संपत्ति व रुपयों की खातिर मां-बाप व मासूम का बेरहमी से कत्ल

**अलीगढ़,एजेंसी।** अलीगढ़ महानगर के गांधी पार्क क्षेत्र की विकास नगर कालोनी में सोमवार शाम बेटे ने नृशंसतापूर्वक तिहरे हत्याकांड को अंजाम दिया है। संपत्ति व रुपयों की खातिर उसने घर में अपने बुजुर्ग माता-पिता और मासूम भतीजी तीनों को घर में मौजूद हथौड़े और पत्थर मारकर मौत के घाट उतारा । उसके बाद आरोपी पैदल चलकर थाने पहुंच गया। इस तिहरे हत्याकांड की खबर पर इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत ओमप्रकाश (62) विकास नगर गली नंबर एक में एसजेडी स्कूल के पीछे अपनी पत्नी सोमवती (57), दो बेटों विवाहित रामेश्वर व अविवाहित सौरभ के संग रहते थे। छोटे बेटे सौरभ का अपने पिता व बड़े भाई से संपत्ति बंटवारे और रुपयों को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसी क्रम में सोमवार शाम सौरभ ने एकांत में पहले माता-पिता की हत्या की। इसी बीच दादा-दादी के पास खेल रही रामेश्वर की छोटी बेटी फाल्गुनी उर्फ शिवा (3) को घायल कर दिया। पिता रामेश्वर घायल बेटी फागुनी को लेकर जेएन मेडिकल कालेज पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अलीगढ़ के विकास नगर में सोमवार शाम हुआ तिहरा हत्याकांड बेहद सनसनीखेज था, मगर आगे जो होना था वो और भयावह होता। डिप्लोमा इंजीनियरिंग कर चुके हत्यारोपी सौरभ के सिर पर इस कदर खून सवार था कि मां-बाप को मारने के बाद भाई-भाभी भी उसके निशाने पर थे। इसी बीच दादा-दादी पास खेल रही बच्ची को उसने महज इसीलिए मार दिया कि वह कहीं भेद न खोल दे। जब वह घर से बाहर निकला और उसकी भाभी ने अपनी बेटी को खून से लथपथ देखा तो उसकी प्लानिंग वहीं दम तोड़ गई अन्यथा यहां से निकलकर वह भाभी को घर में मौत के घाट उतारता।



# एक साथ 5 बच्चों को दिया जन्म

## कुछ देर गूंजी किलकारियां फिर सदा के लिए खामोश



**करौली,एजेंसी।** राजस्थान में एक महिला ने एक साथ 5 बच्चों को जन्म दिया है। महिला की शादी के 7 साल बीत चुके थे। लेकिन अब तक यह महिला मां नहीं बन सकी थीं। कई डॉक्टरों से इलाज कराने के बाद महिला ने सोमवार को एक साथ 5 बच्चों को जन्म दिया। घर में बरसों बाद किलकारियां गूंजने से खुशी का माहौल था। लेकिन जश्न का यह माहौल जल्द ही मातम में तब्दील हो गया। जानकारी के मुताबिक, महिला के किसी भी बच्चे को बचाया नहीं जा सका है। मामला करौली जिले का है। मासलपुर क्षेत्र के पिपरानी गांव की रहने वाली 25 साल की रेशमा ने सोमवार की सुबह 5 बच्चों को जन्म दिया था। महिला की डिलीवरी 7 महीने में ही हो गई थी। हालांकि, प्री-मैच्योर डिलीवरी होने के बाद भी उस वक्त बच्चों की मां स्वस्थ थीं लेकिन बच्चे कमजोर थे। यह महिला 7 साल बाद मां बनी थी। इनमें 2 लड़के और 3 लड़कियां थीं। चिकित्सकों के मुताबिक सभी बच्चों के जन्म में एक-डेढ़ मिनट का अंतर था। बच्चों का वजन 300 से 660 ग्राम था। इलाज के लिए 2 लड़के और 2 लड़कियों की जयपुर लाते समय रास्ते में मौत हो गई, जबकि एक लड़की ने जयपुर पहुंचकर हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। महिला के पति अश्क अली केरल में काम करते हैं। महिला पहली बार मां बनी थी लेकिन अब उनके सभी बच्चों की मौत हो गई है। चिकित्सकों का मानना है कि लाखों में इस तरह का एक केस सामने आता है। जब कोई महिला एक बार में 4-5 बच्चों को जन्म देती है।




# दिल्ली आ चुके मंकीपॉक्स का SEX से कनेक्शन, लड़ने की हो रही तैयारी

**नई दिल्लएजेंसी।** कोरोना अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ कि मंकीपॉक्स नाम की बीमारी ने देश में दस्तक दे दी है। केरल के बाद राजधानी दिल्ली में भी इस वायरस से ग्रस्त एक मरीज एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती है। अफ्रीका और यूरोप के कई देशों में हजारों लोगों को संक्रमित करने के बाद यह बीमारी भारत आई है और देश के कई शहरों में इससे लड़ने की तैयारी की जा रही है। मंकीपॉक्स से संक्रमित शख्स के संपर्क में आने से यह वायरल एक से दूसरे शख्स तक पहुंचता है। खास तौर पर यदि संक्रमित व्यक्ति के शरीर पर उभरे दानों को छूने पर। मंकीपॉक्स से संक्रमित व्यक्ति को छूने के अलावा उसके कपड़े, टॉवल, बिस्तर आदि साझा करने पर भी यह संक्रमण फैलता है। करीब बैठे संक्रमित की छींक या खांसी से निकले ड्रॉपलेट्स से भी यह संक्रमण एक से दूसरे व्यक्ति को हो सकता है।




## सर तन से जुदा का आया मैसेज

# फिर पटरी पर दो हिस्सों में मिली बेटे की लाश

**भोपाल,यशभारत,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के रायसेन में एक इंजनीयरिंग स्टूडेंट की मौत पर बना सस्पेंस खत्म नहीं हो रहा है। रविवार को उसकी लाश रेलवे ट्रैक पर दो हिस्सों में कटी मिली। पुलिस शुरुआती जांच में इसे आत्महत्या का केस मान रही हैं, लेकिन मृतक के पिता को घटना से ठीक पहले मोबाइल पर जो मैसेज मिला है उससे मौत पर सस्पेंस बढ़ गया है। स्टूडेंट के पिता उमाशंकर राठौर को मैसेज आया, च्च्राठौर साहाब आपका बेटा बहुत बहादुर था... गुस्ताख ए-नबी की एक ही सजा, सर तन से जुदा। पुलिस निशांक को शेयर बाजार में हुए घाटे की बात भी कह ही है और इस एंगल से भी जांच कर रही है। रविवार शाम हुई इस घटना के बाद पुलिस ने ट्रेन की टाइमिंग, सीसीटीवी फुटेज और प्राथमिक पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस इसे आत्महत्या का केस मान रही है। लेकिन उसके पिता का कहना है कि निशांक आत्महत्या नहीं कर सकता है, उसकी हत्या की गई है। इस पूरे मामले की जांच में रायसेन जिला पुलिस की चार टीमों को लगाया गया है। छात्र का पोस्टमार्टम एम्स में कराया गया। पीएम रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण ट्रेन से कटना बताया गया है।21 साल का निशांक भोपाल के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में पांचवें सेमेस्टर का छात्र था।

**क्रिप्टो करेंसी का भी एंगल**

# कारगिल विजय दिवस

## तनाव और संघर्ष के 84 दिन ,फिर फतह

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पहला ट्वीट शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**,नई दिल्ली ,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कारगिल दिवस पर शहीदों को नमन किया है। खास बात है कि देश का सर्वोच्च पद संभालने के बाद मुर्मू की तरफ से यह पहला ट्वीट किया गया है। उन्होंने लिखा है कि पूरा देश शहीदों और उनके परिवार का हमेशा ऋणी रहेगा। साल 1999 में आज ही के दिन पाकिस्तान ने भारतीय वीर सैनिकों के सामने घुटने टेक दिए थे। राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया, च्कारगिल विजय दिवस हमारे सशस्त्र बलों की असाधारण वीरता, पराक्रम और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सभी वीर सैनिकों को मैं नमन करती हूं। सभी देशवासी, उनके और उनके परिवारजनों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शहीदों को याद किया। उन्होंने ट्वीट किया, च्कारगिल विजय दिवस मां भारती की आन-बान और शान का प्रतीक है। इस अवसर पर मातृभूमि की रक्षा में पराक्रम की पराकाष्ठा करने वाले देश के सभी साहसी सपूतों को मेरा शत-शत नमन। जय हिंद! वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा, च्कारगिल विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और शौर्य का प्रतीक है। आज का दिन गौरवान्वित होने के साथ ही हमारे जवानों की वीरता का स्मरण कर उसका सम्मान करने का भी दिन है। अपनी बहादुरी से कारगिल से दुश्मनों को खदेड़कर पुन- तिरंगा लहराने वाले जवानों को हृदय से नमन करता हूं। कारगिल युद्ध को 23 साल हो चुके हैं। आज ही के दिन भारत को इस युद्ध में विजय मिली थी। जिस इलाके में ये युद्ध लड़ा गया। वहां सर्दियों में -50 तक तापमान चला जाता है। सर्दियों के मौसम में इन इलाकों को खाली कर दिया जाता था। इसी का फायदा उठाकर पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की गई। इस घुसपैठ में पाकिस्तान की सेना ने भी मदद की। 3 मई 1999 ये वो तारीख है जब हिन्दुस्तान को इस घुसपैठ का पता चला। दरअसल कुछ स्थानीय चरवाहों ने भारतीय सेना के लोगों को इसके बारे में बताया। इसके बाद शुरू हुआ तनाव और संघर्ष 84 दिन चला। 84 दिन बाद 26 जुलाई 1999 को भारत को जीत मिली।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 26 जुलाई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# 4 महीने से आधा वेतन मिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को

**कटनी, यशभारत।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को पिछले कई महीने से आधा वेतन दिया जा रहा है, इसके पीछे बजट की कमी की बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को आधा वेतन केन्द्र सरकार एवं आधा वेतन राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है। केन्द्र सरकार द्वारा राशि आवंटित नहीं किए जाने की वजह से राज्य सरकार भी वेतन आवंटित नहीं कर पा रही थी। पूरे प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी फरवरी से लेकर जून महीने तक कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को आधी सेलरी दी गई। आधा वेतन मिलने की वजह से कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का घर चलाना मुश्किल हो गया। उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने बताया कि इस संबंध में जब विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया है कि वेतन भुगतान का मामला शासन स्तर पर लंबित है। तीन-चार माह से वेतन नहीं मिलने की वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों में पदस्थ कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। उनके सामने रोजी रोटी का संकट मंडरा रहा है। गौरतलब है क्रि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 10 हजार रूपए एवं सहायिका को 5 हजार रूपए प्रतिमाह वेतन का भुगतान किया जाता है।

### आधे वेतन से कैसे घर चलाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका



### इनका कहना है

फरवरी से अप्रैल तक वेतन की समस्या हुई थी। कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को आधा वेतन केन्द्र सरकार और आधा वेतन राज्य सरकार द्वारा दिया जाता था। शासन स्तर पर कुछ तकनीकी समस्याओं के चलते वेतन नहीं मिल पा रहा था लेकिन जून से सब कुछ ठीक हो गया है।

**-नयन सिंह,** जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग

### विजयराघवगढ़ की कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने कलेक्टर से की मांग

राज्य सरकार के आदेशानुसार ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्रामों व मजरे टोलों में भी सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत सब-बढ़े, सब पढ़े की तर्ज पर आंगनवाड़ी केन्द्र खोलकर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा प्रदान कराने हेतु कार्यकर्ता व सहायिका की नियुक्ति की गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अशिक्षित न रह सके, जिसमे इनके द्वारा ठंड, बरसात, गर्मी में अबोध बच्चों को पढ़ाने-लिखाने, विचार, अच्छे संस्कार देने के लिए शासन के समस्त नियमों का पूर्ण जवाबदारी से बखूबी निर्वहन किया जाता है। विगत एक फरवरी से लगातार कार्यकर्ताओं को 4200 व सहायिकाओं को 2700 रूपये प्राप्त हो रहा है। शासन द्वारा प्रदाय इस अल्प वेतन में अपने परिवार व स्वयं का भरण-पोषण कैसे सम्भव है। जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग जिले के कलेक्टर से अपेक्षा है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओ को अविलम्ब पूरा वेतन दिलाने के आदेश जारी किए जाएं।



# इस साल शिव योग में मनेगी नागपंचमी

### दो साल बाद होगी नाग देवता की पूजा

**कटनी, यशभारत।** श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी विधि को नाग पंचमी शिव योग में मनाई जाएगी। कोरोना के कारण दो साल बाद नाग देवता की पूजा होगी। इस दिन नाग देवता की पूजा का न सिर्फ धार्मिक बल्कि ज्योतिषीय महत्व है। नाग पंचमी के दिन शिवभक्त तमाम तरह की मंगल कामनाओं के साथ कुंडली से जुड़े कालसर्प दोष को दूर करने के लिए विधि विधान से कालसर्प पूजन करते हैं। पंडित सुनील शास्त्री ने बताया कि इस साल नाग पंचमी तिथि 2 अगस्त सुबह 5:43 से 8:23 तक यानी कि 2 घंटे 40 मिनट की अवधि पूजा के लिए रहेगी। वहीं पंचमी तिथि 1 अगस्त शाम 5:13 से शुरू होकर अगले दिन दो अगस्त शाम 5:41 तक रहेगी। इस बार नाग पंचमी पर सालों बाद बेहद शुभ व दुर्लभ योग बन रहे हैं। नाग पंचमी के दिन मंगलवार होने से मंगल संजीवनी महायोग का निर्माण हो रहा है। इस दिन पूर्णातिथी उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के साथ शाम को हस्त नक्षत्र तथा रवि योग रहेगा और साथ ही सिद्धि योग के साथ वर्ष की श्रेष्ठ पंचमी भी साथ ही धाता योग और प्रजापति योग की निष्पत्ति भी होगी। स्कंद पुराण में अवंती खंड में चारों दिशाओं में नाग देवताओं का स्थान है, इसलिए नाग पंचमी मनाने का विशेष महत्व है। जन्म पत्रिका में मौजूद राहू केतू से उत्पन्ना कालसर्प दोष निवारण के लिए नाग पंचमी कालसर्प पूजन करना बेहद खास माना गया है। इस दिन कालसर्प पूजन करने से शीघ्र व शुभ फल प्राप्त होते हैं।

### नाग पंचमी पर ना करें ये कार्य

धर्म शास्त्रों की मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन सांप को कोई कष्ट ना पहुंचने पाए, बल्कि उनकी पूजा कर उनकी रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए, साथ ही इस दिन जीवित सांप को कभी भी दूध ना पिलाएं, उनके लिए दूध जहर के समान है, इसलिए उनकी पूजा व दूध से अभिषेक प्रतिमा पर ही करें।

### रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा एवं कौशल संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# छात्रों को कॅरियर के नए ट्रेंड्स से कराया अवगत






**कटनी, यशभारत।** स्कूली छात्रों को करियर की दृष्टि से मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा अनूठी पहल की जा रही है, इसके तहत मप्र के विभिन्न शहरों में शिक्षा एवं कौशल संवाद कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, जहां विभिन्न शिक्षक एवं छात्र बड़ी संख्या में प्रतिभागिता कर रहे हैं। इसमें जहां एक ओर छात्रों को करियर के उभरते ट्रेंड्स से अवगत कराया जा रहा है, तो वहीं शिक्षकों के साथ पठन-पाठन को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की जा रही है। इसी कड़ी में शहर में भी शिक्षा एवं कौशल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह, जिला कौशल अधिकारी रंजीत रोहितास, जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी श्रीमती, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्या विभा श्रीवास्तव मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रविंद्रनाथ यूनिवीर्सिटी द्वारा उठाया गया कदम सराहनीय है। शिक्षा एवं कौशल संवाद कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। इसमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शासकीय उमावि बड़खेरा, शासकीय उमावि निवार, पहाड़ी, डायमंड इंग्लिश स्कूल के विशिष्ट शिक्षकों को प्रशास्ती पत्र एवं मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय से आये अनिल तिवारी उप रजिस्ट्रार, आरएनटीयू, जीतेन्द्र अहीर सहायक प्राध्यापक, आरएनटीयू एवं पी एम के के केन्द्र संचालक वेद प्रकाश परोहा द्वारा समन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में आईसेक्ट स्किल नॉलेज प्रोवाइडर सेंटर एसकेपी ब्रांच एवं कटनी सेंटर का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# केंद्रीय विद्यालय ओएफके में आदित्य ने किया टॉप



**कटनी, यशभारत।** केंद्रीय विद्यालय ऑर्डिनेंस फेक्ट्री कटनी में अध्यनरत छात्र आदित्य तिवारी ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं मैथ्स ग्रुप में 94.8 अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र के पिता ऑर्डिनेंस फेक्ट्री में कार्यरत संत तुलसी तिवारी एवं माता श्रीमती अंजना तिवारी ने बताया कि आदित्य प्राथमिक विद्यालय से ही कक्षा में अव्वल रहा तथा सभी कक्षाओं में कक्षा में प्रथम स्थान बनाया। आदित्य की सफलता पर घर, परिवार व शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता तथा गुरुजनों को दिया है।

### शिवलिंग निर्माण



सावन माह के दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर कल मंगलनगर के प्रतिष्ठित नागरिक महेंद्र सेन के निवास पर शिवलिंग निर्माण रुद्र अभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित किया।

### रूपनाथधाम में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक



**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थस्थल रूपनाथ धाम में सावन सोमवार को द्वितीय सोमवार को शिव भक्तों द्वारा प्रभु भोलेनाथ जी का जल अभिषेक व पूजन कर बेलपत्र और फूलों से श्रृंगार किया गया। प्रभु की छवि अति मनमोहक लग रही थी। शिव भक्तों द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन अभिषेक किया गया, उपस्थित जनों द्वारा प्रभु जी की आरती की गई। शिव जी के जयघोष से रूपनाथ धाम गूंज उठा।



# शिवालयों में लगे बम-बम भोलेनाथ के जयघोष

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को भी शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीन श्रद्धालु भक्तजन अपनी उपस्थिति देकर शिवलिंग निर्माण कर आचार्यों के सानिध्य में भगवान भोलेनाथ की दूध, दही प्रसाद फल फूल मेवा मिष्ठान आदि से शोडशोपचार पूजन अर्चन, अभिषेक, हवन, महाआरती कर भक्ति में लीन बाबा भोलेनाथ के गगनभेदी जयकारे लगाए।



### जांच के बाद चालक पर मामला दर्ज

# कार की चपेट में आकर हुई थी युवक की मौत

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत धनगंवा से सलैया रोड पर सड़क दुर्घटना में एक 24 वर्षीय युवक की मौत होने के मामले में पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाली कार का पता लगाते हुए उसके चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम निमास निवासी 24 वर्षीय नीरज पिता कारेलाल बर्मन की बीती 23 जून की रात 9 बजे के लगभग धनगवां-सलैया मार्ग पर दुर्घटना में मौत हो गई थी। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया था। जांच के दौरान हाइवे के सीसीटीवी कैमरों की फुटेल खंगालने पर पता चला कि नीरज की मौत कार क्रमांक एम.पी.21सीए-8963 की चपेट में आने से हुई थी। पुलिस ने कार चालक पड़ोसी जिला पन्ना के खमतरा निवासी रामलखन राय के खिलाफ धारा 279, 337, 338, 304ए के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।




Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
by CNW
Mittal
MALL
Paytm
book my show

From 22nd July 2022




MALL
2D
9:00 AM 12:00 PM
3:00 PM 6:00 PM 9:00 PM
9:45 AM 12:45 PM
3:45 PM 6:45 PM 9:45 PM
10:15 AM 1:15 PM
4:15 PM 7:15 PM 10:15 PM
Advance Booking Open

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ

Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है

SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा

जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# सरकार के नए फरमान से गरीब भूखें पेट

# जबलपुर में दो माह से गरीबों को नहीं मिल रहा गेहूं सिर्फ चावल लेकर दुकान से लौट रहे गरीब

**जबलपुर, यशभारत। राशन दुकानों में नई व्यवस्था लागू होने से गरीबों की फजीहत हो गई है। दरअसल अब गरीबों को गेहूं नहीं मिलेगा उन्हें सिर्फ चावल दिया जा रहा है। खाद्य आपूर्ति विभाग ने राशन दुकान संचालकों को इसके आदेश जारी करते हुए नए अनुबंध के तहत राशन वितरण करने के निर्देश जारी किए हैं। इधर नई व्यवस्था से गरीब तबके लोग परेशान है। उनका मानना है कि जब बराबर से गेहूं-चावल दिया जा रहा था तो फिर अचानक से सिर्फ चावल देने के आदेश जारी होना समझ से परे हैं।**

सरकार द्वारा गरीब व जरूरतमंदों को एक रुपए किलो और फ्री में राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस राशन में पिछले कुछ माह से गेहूं की अपेक्षा चावल अधिक दिया जा रहा है, ऐसे में उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि मध्यप्रदेश में लोग चावल कम और गेहूं अधिक खाते हैं, ऐसे में उन्हें राशन में गेहूं नहीं मिलने के कारण बाजार से महंगे दाम पर गेहूं खरीदना पड़ेगा।



खाद्य आपूर्ति निगम के मुताबिक राशन दुकान से सामान्य व्यक्तियों को पहले 4 किलो गेहूं और 1 किलो चावल दिया जाता था लेकिन अब दो किलो गेहूं और 3 किलो चावल मिलेगा। इसी तरह पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत गरीबों को पहले 5 किलो चावल मिलता था लेकिन नए अनुबंध के तहत गरीबों को अब सिर्फ 5 किलो चावल दिया जाएगा। मालूम




हो कि योजना के तहत गरीब व जरूरतमंदों को एक रुपए किलो और फ्री में राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस राशन में पिछले इस दो माह से गेहूं के स्थान में भी चावल दिया जा रहा है, ऐसे में उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले में चावल गेहूं की मांग लगभग बराबर है। ऐसे में उन्हें राशन में गेहूं नहीं मिलने के कारण बाजार से महंगे दाम पर गेहूं खरीदना पड़ेगा। जिसके चलते मंडी में भी गेहूं के दाम बढ़ने लगे हैं।

### दो माह से लागू है नई व्यवस्था

जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक नुजहत बानो बुकई ने बताया कि राशन वितरण में हुए बदलाव को दो माह हो चुकें है। शासन स्तर से निर्णय होने के बाद राशन दुकानों में यह नई व्यवस्था के तहत राशन वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में उपभोक्ताओं की तरफ से भी कोई शिकायत नहीं आई है।

### गेहूं बाजार से खरीदना पड़ रहा है

दूसरी ओर राशन दुकानों से जो गरीब सस्ता अनाज लेकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते आ रहे हैं, उन्हें अभी से यह चिंता सताने लगी है कि यदि राशन दुकान से अत्यधिक मात्रा में सिर्फ चावल मिलेगा तो अपनी जरूरत का गेंहू बाजार से कैसे खरीदेंगे। क्योंकि गेहूं बाजार में मंहगा है।

## डॉक्टरों पर 4 नकाबपोशों ने किया रॉड से हमला

### सिर और जबड़े में गहरी चोट, क्षेत्र में हड़कंप, पीड़ित अस्पताल में भर्ती

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर में एनएच 7 पर बाइक सवार दो डॉक्टरों पर देर रात 4 नकाबपोशों से अचानक रॉड से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में दोनों को आसपास के लोगों ने पनागर शासकीय अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से उन्हें निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शिकायत के बाद धारा 307 के तहत प्रकरण दर्ज कर, अज्ञात हमलावरों की तलाश में जुटी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उक्त वारदात आपसी रंजिश के चलते की गई है। पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। थाना प्रभारी पनागर आर.के. सोनी ने बताया कि पुलिस को निजी अस्पातल में भर्ती राजेश चौधरी 46 वर्ष निवासी हृदयनगर थाना गोसलपुर ने बताया कि वह प्राईवेट डॉक्टरी करता है। उसका दोस्त धर्मेन्द्र रजक निवासी गोसलपुर का भी उसके साथ प्राईवेट डॉक्टरी करता है। जब वह अपनी बाइक क्रमांक एमपी 20 एनई 3256 में धर्मेन्द्र के साथ जबलपुर से घर गोसलपुर लौट रहा था, रास्ते में हरिओम ढाबा के आगे नहर के पास एनएच 7 किनारे रैपुरा में गाड़ी खड़ी कर दोनों रूके। अज्ञात 4 व्यक्ति वहां पर पैदल आकर बिना किसी कारण के जान से मारने की नियत से किसी हथियार से उस पर एवं धर्मेन्द्र पर हमलाकर उसके एवं धर्मेन्द्र के सिर में वार कर बुरी तरह घायल कर दिया हम दोनों अपनी जान। बचाने के लिये बाइक स्टार्ट कर भाग कर शासकीय अस्पताल पनागर आये जहां से प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

### पनागर में सरकारी स्कूल के मुख्य गेट का हाल

## एक माह में धाराशाही हो गया 4 लाख 50 हजार का गेट

**जबलपुर,यशभारत।** सरकारी कामों में भ्रष्टाचार न होने के लाख दावे-वादे किए जाए परंतु धरातल में स्थिति उसके उलट है। ताजा उदाहरण पनागर का पड़रिया शासकीय स्कूल है जहां पर जून माह में 4 लाख 50 हजार की लागत से मुख्य गेट तैयार किया गया था। गेट निमाज़्ण के वक्त गुणवत्ताहीन सामग्री और सरपंच-सचिव की अंधेरगदीज़ के कारण एक माह में ही गेट टूटकर लटक गया। निमाज़्ण कायज़् की यह स्थिति देखकर ग्रामीणों में आक्रोश है और वह सरकारी काम में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग कर रहे हैं।



### सालों पुराने स्कूल में बाउंड्रीवॉल निर्माण लापरवाही

पनागर जनपद के अतंगतज़् आने वाले पड़रिया शासकीय स्कूल सालों पुराना है। इस स्कूल से पढ़कर बच्चे अधिकारी से लेकर एक अच्छे व्यापारी बने है। लेकिन दुभाज़्ग्य है कि इस स्कूल में सालों बाद जीणोज़्द्वार का कायज़् किया गया उसमें भी लापरवाही की गई। बताया जा रहा है कि इससे पहले स्कूल में एक जजज़्र पुरानी बाउंड्री बॉल और एक गेट था जिसे अलग करके नया गेट और तारफेसिंग कराया जाना प्रस्तावित हुआ परंतु अभी तक सिफज़् गेट लगा है वह भी गुणवत्ताहीन काम होने के कारण गिर गया।

### पुराना गेट अपने-अपने घर ले गए सरपंच-उपसरपंच

पड़रिया के आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल गेट निमाज़्ण में भ्रष्टाचार किया गया है, क्योंकि एक माह पहले ही स्कूल का नया गेट लगाया गया है जिसके कायज़् की कीमत करीब 4 लाख 50 हजार रूपए है। जानकर हैरानी होगी कि गेट का एक हिस्सा गिर गया है जबकि निमाज़्ण करने वाले ठेकेदार ने दावा किया था यह गेट सालों साल चलेगा।

### इनका कहना है

पूरा गेट नहीं गिरा है, कुछ समय पूवज़् ही निमाज़्ण कार्यं हुआ था। पूरा निर्माण कार्यं 4 लाख 50 हजार का हुआ था। ठेकेदार से पूछा जाएगा कि उसने किस तरह से निमाज़्ण कायज़् कराया है।

**लखन पटेल, पूर्वं सरपंच पड़रिया ग्राम पंचायत**

गेट निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया है। साफनजर आ रहा है कि गुणत्ताहीन काम किया गया है, ठेकेदार से बात की गई है तो उसका कहना है कि निमाज़्ण कायज़् सही हुआ है और अब वह किसी भी तरह का निर्माण नहीं करेगा।

**रजनी दिलीप रजक**
**नवनियुक्त सरपंच**

### जवाबदार कौन सबने चुप्पी साधी

घटिया और गुणवत्ताहीन निमाज़्ण से शासन को लाखों रूपए की चपत लगी है। इस पूरे मामले में निमाज़्ण कायज़् करने वाले ठेकेदार को दोषी बताया जा रहा है लेकिन हकीकत ये है कि निमाज़्ण कायज़् के वक्त सरपंच-सचिव से लेकर अन्य जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया कि गेट निमाज़्ण कायज़् कैसा हो रहा है।

## कोतवाली में 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी

### व्यापारी का माल और रुपये हड़पे, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** कोतवाली के तिलक भूमि तलैया में अमानत में खयानत का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसमें व्यापारी ने ऑडर आने पर कटनी माल भेज दिया, लेकिन आरोपी ने माल और उसकी कीमत 30 हजार दोनों हड़प लिए। पुलिस ने मामले में एफआइआर दर्ज कर, जांच में लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि तिलक भूमि तलैया निवासी व्यापारी अतिशय जैन ने बताया कि उसने कटनी निवासी आरोपी प्रदीप मिश्रा को माल भेजा था, लेकिन आरोपी ने उसकी कीमत 30 हजार नहीं दी और माल भी हड़प कर लिया। बाद में पैसे मांगने पर धमकाने लगा। पुलिस आरोपी को तलाशने जगह-जगह दबिश दे रही है।

## आटा पिसवाने को लेकर ससुराल पक्ष ने की जमकर मारपीट

### जेठ ने कान से निकाल दिया खून

**जबलपुर, यशभारत।** थाना पाटन अंतर्गत नन्हवारा में शादी के 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी महज आटा पिसवाने की बात को लेकर विवाहिता से जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं जेठ और जेठानी ने सारी हदें पार करते हुए पीड़िता के कान से खून निकाल दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।



जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 24 वर्षीय पीड़िता निवासी ग्राम नन्हवारा ने बताया कि उसकी शादी 6 वर्ष पहले ग्राम नन्हवारा निवासी जित्तू उर्फजितेन्द्र लोधी के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी। उसका मायका बटियागढ़ दमोह में है। शादी के एक वर्ष बाद से उसके पति जितेन्द्र लोधी, सास पूना बाई, मझंले जेठ सुरेन्द्र सिंह, जेठानी आशा बाई उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। देर रात जब वह खाना बना रही थी तो आटा खत्म हो गया। उसने पति से कहा कि गेहू चक्की से पिसाकर ले आओ। इसी बात पर सास गाली गलौज करने लगी एवं पति मारपीट करने लगा। तभी मंझले जेठ सुरेन्द्र सिंह एवं जेठानी-जेठानी आकर गाली गलोज करते हुये मारपीट करने लगे। जेठ ने कान जख्मी कर दिया। सभी आरोपियों ने कहा कि अब इसे घर से निकाल।

## चुनावों में महत्वपूर्ण रही एनआईसी की भूमिका

**जबलपुर यश भारत। नगर निगम एवं पंचायत चुनाव समाप्त हो चुके हैं लेकिन चुनावों की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि इस पूरी प्रक्रिया में कोई भी बड़ी खामी या समस्या सामने नहीं आई। जिसको लेकर एक महत्वपूर्ण भूमिका एनआईसी की भी रही है जिसके माध्यम से जानकारियों के संचय, कार्य के वितरण और कार्य को सुनिश्चित करने का काम व्यवस्थित एवं त्रुटि रहित बहुत संभव हो सका।**

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र
NATIONAL INFORMATICS CENTRE
NIC
सूचना प्रौद्योगिकी समर्थ विशेषज्ञ
THE IT SUPPORT PROFESSIONALS

एन आई सी द्वारा 498 कार्यालयों के 24498 अधिकारी कर्मचारियों का डाटा कलेक्ट कर उन्हें निर्वाचन संबंधी कार्यों में लगाने और अलग-अलग क्षेत्रों में काम देने संबंधी महत्वपूर्ण कार्य किया। जिसमें सभी अधिकारियों कर्मचारियों के पद कार्यालय, घर का पता ,मोबाइल नंबर के संकलन का महत्वपूर्ण कार्य था। इसके अलावा पंचायत चुनावों में दलों के गठन बूथ के निर्धारण की महत्वपूर्ण जानकारियां संकलन का कार्य भी एनआईसी के द्वारा किया गया। इसके अलावा ईवीएम मशीनों के रेंडमाइजेशन और नगर निगम चुनावों में पोलिंग पार्टियों के गठन का डेटा भी एनआईसी द्वारा संकलित किया गया। साथ ही मतगणना के लिए मतगणना अधिकारियों कर्मचारियों की नियुक्ति और मतगणना के दौरान परिणामों का संकलन और समय पर प्रसारण जैसे महत्वपूर्ण कार्य एन आई सी के प्रभारी आशीष शुक्ला के निर्देशन में हुआ। जिसके चलते चुनाव सुगमता के साथ बिना किसी बड़ी समस्या के संपन्न हो सके।



## गोरखपुर में युवक को चाकुओं से गोदा

### 5 आरोपियों ने दबोचकर की जमकर मारपीट, मरणासन्न छोड़कर भागे

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर छापर में दरमियानी रात आपसी रंजिश को लेकर करीब पांच आरोपियों ने युवक को दबोचकर पहले तो घसीट-घसीट कर पीटा और फिर चाकुओं से गोदकर बुरी तरह घायल कर दिया और मरणासन्न हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद खून से लथपथ युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया, पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धारा 307 के तहत प्रकरण दर्ज कर, फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश में जुटी है।



पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि थाना ग्वारीघाट के जिलहरी घाट मुरदैया निवासी शनि ठाकुर 19 साल, पिता उमाशंकार ठाकुर देर रात रामपुर छापर गया था। जहां पहले से मौजूद प्रिंस ठाकुर और उसके साथी पुरानी रंजिश के चलते, उसे देखकर गालीगलौच करने लगे। जब उसने विरोध किया तो जमकर मारपीट कर, चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस आरोपियों को दबोचने जगह-जगह दबिश दे रही है।

## पीड़ित बुरी तरह घायल

## लार्डगंज में एक्टिवा सवार को ट्रक ने मारी टक्कर

**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज के मेहता पेट्रोल पंप के पास एक एक्टिवा सवार युवक को बेलगाम ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में वाहन सवार रोड से करीब पांच फिट, उछलकर दूर जा गिरा। जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया। वहीं, आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अमित सिगरहा पिता योगी कुमार सिगरहा गंगा सागर पीली बिल्डिंग का निवासी है। जो अपनी एक्टिवा से मेहता पेट्रोल पंप रोड से जा रहा था। तभी रात में ट्रक क्रमांक एमपी 20 एक्स 1499 के चालक ने टक्कर मार दी। मुस्तैद पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भं /स) संभाग क्र.-2, जबलपुर

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन,
जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001

फोन एवं फैक्स नं. : 0761-2622333
ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 13/व.ले.लि./2022-23 जबलपुर दिनांक 22-07-22

### निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-13

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022_PWDRB_212243 | उड़ना-करहैया से भूलन माता मार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 192.00 लाख | 192000/- | 12500/- | (12 माह वर्षा ऋतु सहित) |
| 2 | 2022_PWDRB_212244 | देवरी-सर्रा एवं उमरिया-अंदिया मार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 224.38 लाख | 224400/- | 15000/- | (12 माह वर्षा ऋतु सहित) |
| 3 | 2022_PWDRB_212245 | एस.एफ.आर.आई. पोलीपाथर जबलपुर में बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण एवं ऑडिटोरियम हॉल, रेस्ट हाऊस टॉयलेट, गेस्ट हाऊस टॉयलेट में रेनोवेशन का कार्य। (डिपाजिट कार्य) | प्रथम | 65.00 लाख | 65000/- | 10000/- | (6 माह वर्षा ऋतु सहित) |
| 4 | 2022_PWDRB_212246 | एन.एच.-12 से करहैया केवलारी से कुआ खेड़ा मार्ग एवं करहैया कूड़ा टमोल मार्ग कुल लं. 6.15 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | तृतीय | 53.08 लाख | 53100/- | 10000/- | (4 माह वर्षा ऋतु सहित) |
| 5 | 2022_PWDRB_212247 | सिविल लाईन पचपेढ़ी उपखण्ड के अंतर्गत व्ही.आई.पी. बंगलों के पहुँच मार्ग में बी. टी. नवीनीकरण का कार्य। | तृतीय | 10.00 लाख | 20000/- | 2000/- | (2 माह वर्षा ऋतु सहित) |
| 6 | 2022_PWDRB_212248 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत वर्षा ऋतु में क्षतिग्रस्त मार्गों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 10.00 लाख | 20000/- | 2000/- | (4 माह वर्षा ऋतु सहित) |
| 7 | 2022_PWDRB_212249 | शंकर शाह नगर उपखण्ड के अंतर्गत उच्च न्यायालय आवासीय क्वार्टर एच-71 एच-09 जी-393 एच-69, जी-386 एच-89, एच-90 एवं अन्य क्वार्टर क्रमांक जी-2, जी-322 एवं एफ-4 में विशेष मरम्मत कार्य। | प्रथम | 20.00 लाख | 40000/- | 2000/- | (4 माह वर्षा ऋतु सहित) |
| 8 | 2022_PWDRB_212250 | माननीय रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा स्वीकृत पचपेढी उपखण्ड स्थित बंगला क्र. ए-4 एवं ए-2 तथा ए-4 एवं ए-3 के बीच की बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य। | प्रथम | 12.00 लाख | 24000/- | 2000/- | (4 माह वर्षा ऋतु सहित) |
| 9 | 2022_PWDRB_212251 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज जबलपुर स्थित आवासीय क्वार्टरर्स में रखरखाव कार्य। | प्रथम | 15.00 लाख | 30000/- | 2000/- | (4 माह वर्षा ऋतु सहित) |
| 10 | 2022_PWDRB_212252 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज जबलपुर के सुपर स्पेशिलिटी एवं आई ओ.पी.डी. में बाथरूम एवं टायलेट के रेनोवेशन का कार्य। (डिपाजिट कार्य) | प्रथम | 7.00 लाख | 14000/- | 2000/- | (4 माह वर्षा ऋतु सहित) |
| 11 | 2022_PWDRB_212254 | पचपेढी उपखण्ड सिविल लाईन स्थित व्ही.आई.पी. बंगलों में रखरखाव एवं विशेष मरम्मत कार्य। | प्रथम | 20.00 लाख | 40000/- | 2000/- | (4 माह वर्षा ऋतु सहित) |
| 12 | 2022_PWDRB_212596 | ब्लाक कालोनी सिहोरा के एच टाईप क्वार्टर में विशेष मरम्मत कार्य प्रोफाईल शीट, सीलिंग, फ्लोरिंग एवं अन्य मरम्मत एवं सेनेटरी कार्य। | प्रथम | 10.00 लाख | 20000/- | 2000/- | (4 माह वर्षा ऋतु सहित) |
| 13 | 2022_PWDRB_212598 | मुख्यालय उपखण्ड सिहोरा अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में एम.ओ. डब्ल्यू. विशेष मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 8.00 लाख | 16000/- | 2000/- | (4 माह वर्षा ऋतु सहित) |

टीप- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की तिथि दिनांक 26/07/2022 समय 10.30 से दिनांक 10/08/2022 समय 17:30 बजे तक है। इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जायेंगे (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नहीं कराया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग क्र.-2 जबलपुर

G-14638/22


### चन्द्र प्रकाश पाण्डेय का निधन



जबलपुर। राम मंदिर, दीक्षितपुरा निवासी श्री चन्द्र प्रकाश पाण्डेय का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे शिक्षिका श्रीमती मुन्नी बाई के पति एवं संजय, सुधीर, सुनील गोलू पाण्डेय के पिताश्री थे। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में हुआ।

### श्री इंद्र बिहारी अवस्थी नहीं रहे

जबलपुर। गढ़ा पुरवा ब्राह्मण मुहल्ला निवासी श्री इंद्र बिहारी अवस्थी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। आप अशोक अवस्थी व राज कुमार अवस्थी के बड़े भाई व मनोज,मुकेश,मनीष के चाचा व श्रेय,शुभम के बड़े पिता जी थे। अंतिम संस्कार तिलवारा घाट में किया गया।


### आवश्यकता है

**शिवाय इण्डस्ट्रीज इण्डस्ट्रीयल**
ऐरिया रिछाई मार्केटिंग के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है।
**ऑफिसः** 1350 रानीताल बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर, (मप्र)
**मो. 9340164699**
**9770727890**

### यदि आप नौकरी पाना चाहते हैं

अपने कौशल के साथ दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करें
**9009985689,**
**9131406684**
योग्यता कम से कम 12 वीं पास उम्र 18 से 27 वर्ष

# कल से होगा वाहन सर्वर शुरू लोगों को मिलेगी सुविधाएं

**भोपाल ( यश भारत )।** केंद्र सरकार के वाहन सर्वर की विदिशा में हुए सफल ट्रायल के बाद बुधवार से इस व्यवस्था को इंदौर सहित पूरे प्रदेश में लागू कर दिया जाएगा। भोपाल में प्रदेशभर के आरटीओ अधिकारियों को इस संबध में प्रशिक्षण देने के साथ डीलरों को भी इसका प्रशिक्षण दे दिया गया है। अभी यह व्यवस्था नए वाहनों के लिए शुरू हो रही है। एआरटीओ हृदयेश यादव ने बताया कि अभी नए वाहन ही इस सर्वर पर पंजीकृत किए जाएंगे। पुराने वाहनों के लिए व्यवस्था अभी देरी से शुरू की जाएगी। नई व्यवस्था में काम तेजी से हो जाएगा। डीलरों के यहां पर काम हो जाएगा। लोगों को आरटीओ आने की जरूरत ही नहीं होगी। इसके अलावा वाहन सर्वर की व्यवस्था लागू होते ही प्रदेश में डीलरों को वाहन पंजीयन करवाने के अधिकार मिल जाएंगे। इसके अलावा उन्हें एक प्रमुख अधिकार यह भी मिल जाएगा कि वह अपने शहर में बेचे वाहन को प्रदेश के किसी जिले के आरटीओ में पंजीयन करवा सकेंगे। प्रदेश के बड़े शहरों के लिए यह काफी फायदेमंद होगा। इंदौर में लगभग हर बड़ी कार कंपनी के शोरुम उपलब्ध है। यहां पर कंपनी द्वारा निर्मित सभी माडल मिल जाते है। दूसरे जिले के लोग इंदौर से वाहन लेते है। इससे उन्हें फायदा हो जाएगा। इंदौर से हर माह करीब 300 अस्थाई पंजीयन प्रमाण पत्र जारी होते है।



### यह होंगे फायदे

डीलर किसी भी जिले में वाहन पंजीकृत कर सकेगा। डीलर के यहां पर गाड़ी लेने जाने पर ग्राहक का आधार नंबर लिया जाएगा। वाहन सर्वर आधार नंबर डाल कर वेरीफाई करते ही पूरी जानकारी आ जाएगी। इससे पंजीयन कार्ड पर वाहन के मालिक की सही जानकारी आधार के अनुसार होगी। बिना आधार के पंजीयन की व्यवस्था रहेगी। वाहनों की कीमत सीधे एनआइसी की वेबसाइट से लेने की सुविधा होगी। माडल अपडेट करने की परेशानी खत्म हो जाएगी।वाहनों का इश्योरेंस पालिसी का सत्यापन आइआरडीए की वेबसाइट से जाएगा। इश्योरेंस का फर्जीवाड़ा नहीं हो सकेगा। चेचिस और इंजन नंबर यूनिक हो जाएंगे। देश के किसी भी राज्य में उस चेचिस या इंजन नंबर पर वाहन का पंजीयन नहीं हो सकेगा। - सारी जानकारी आनलाइन होगी, दस्तावेजों की एक कापी आरटीओ जाएगी, जहां पर केवल सत्यापन होगा। पंजीयन डीलर के यहां हो जाएगा केंद्र सरकार ने नई गाड़ियों के लिए भारत सीरीज बीएच में पंजीयन की व्यवस्था लागू की है। वह प्रदेश में लागू हो जाएगी। इसके तरह एक राष्ट्र एक क्रमांक (वन नेशन वन नंबर) के तहत प्रदेश में जिस वाहन का पंजीयन भारत सीरीज बीएच में होगा, उस वाहन के मालिक को दूसरे राज्य में जाने पर अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लेना पड़ेगा और न ही नया क्रमांक लेने की जरूरत पड़ेगी। अभी हर राज्य में जाने पर वहां पर वाहन को पंजीयन शुल्क देकर उस राज्य का क्रमांक लेना होता है। किसी भी दूसरे राज्य में वाहन लेकर जाने पर जांच के दौरान दस्तावेज दिखाने से मुक्ति मिल सकती है। वाहन का क्रमांक डालते ही पूरी जानकारी आ जाएगी। व्यावसायिक वाहनों को चालकों और मालिकों को काफी सुविधा हो जाएगी। वाहन का फिटनेस किसी भी राज्य में हो सकेगा। जैसे इंदौर का कोई ट्रक दिल्ली गया है और वहां उसका फिटनेस खत्म हो गया है तो वह वहीं फिटनेस जांच कर प्रमाणपत्र ले सकेगा।



# बीयू के पांच कोर्सेस में इस बार केंद्रीय प्रवेश परीक्षा के जरिए मिलेगा दाखिला

**भोपाल ( यश भारत )।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट (सीयूईटी) 15 जुलाई से देश के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जा रहा है। मप्र में हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के साथ ही बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) भोपाल में पहली बार इस परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिए जाएंगे। बीयू के यूटीडी (यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट) में स्नातक स्तर के पांच कोर्स में प्रवेश के लिए अब सीयूईटी की परीक्षा पास करनी होगी। मप्र में इसके लिए भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और सतना में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बीयू प्रशासन के अनुसार इस बार शासन के आदेश के तहत विवि के यूटीडी से यूजी के बीए आनर्स समाजशास्त्र, बीएससी आनर्स, बीकाम आनर्स, बीपीएस, बीएएलएलबी सहित कुल पांच कोर्सेस में एडमिशन सीयूईटी के माध्यम से किए जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों को अच्छे अंक मिलने पर प्रवेश हो सकेगा। मप्र में हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के साथ ही बीयू के लिए भी एनटीए की ओर से परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रदेश के कुछ अन्य विवि भी इसी तर्ज पर प्रवेश दिलाने की तैयारी में लगे हैं।

अन्य विभाग के पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा से रखे हैं मुक्त

बीयू यूटीडी के विधि विभाग के कुछ कोर्स एलएलबी सहित कुछ अन्य विषयों में प्रवेश को सीयूईटी की परीक्षा से मुक्त रखा गया है। इन कोर्सेस में पिछले वर्षों की तरह प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। विधि विभाग की विभागाध्यक्ष डा. मोना पुरोहित के अनुसार कई विषयों में प्रवेश सीयूईटी के माध्यम से किया जा रहा है। इस परीक्षा के लिए काफी आवेदन आए हैं। यूटीडी द्वारा संचालित पांच कोर्सेस के लिए सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश लेने की शुरुआत की गई है। इसके लिए अभी यूजी लेवल के बीए, बीएससी, बीकाम आदि कुछ विषयों में प्रवेश लिए जा रहे हैं। इससे विवि के शिक्षा के स्तर में बढ़ोतरी होगी।

-प्रो. आरजे राव, कुलपति बीयू



# बैरागढ़ में बढ़ती आबादी का बोझ सहन नहीं कर पा रहीं बरसों पुरानी सीवेज लाइनें

**भोपाल ( यश भारत )।** बैरागढ़ की बढ़ती आबादी के कारण बरसों पुरानी सीवेज लाइनें छोटी साबित हो रही हैं। तेज वर्षा होते ही घरों का पानी निकलने के बजाय गंदा पानी सीवेज लाइनों के माध्यम से ही अंदर घुस आता है। इस बार भी मानसून पूर्व इनकी मरम्मत नहीं की गई। लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। आदर्श मार्ग योजना के तहत चंचल रोड के पुर्ननिर्माण के समय नागरिकों ने सीवेज लाइनें बदलनी मांग रखी थी लेकिन नगर निगम ने इसे अनसुना कर दिया। नगर निगम ने अन्य स्थानों पर भी मार्ग निर्माण से पहले सीवेज लाइनों को सुधारने की कोई पहल नहीं की। सड़कों नीचे बरसों पुरानी लाइनें दबी हैं। आदर्श मार्ग योजना में शामिल बलिदानी प्रेम रामचंदानी मार्ग के कुछ हिस्से में भी बरसों पुरानी पाइप लाइन एवं सीवेज लाइनें दबी हुई है। वर्षा होते ही सीवेज के चैंबर गंदगी उगल रहे हैं।



### चार दशक पुरानी लाइन बदलने की जरूरत

दरअसल सीवेज लाइनों का जाल तीन से चार दशक पुराना है। आबादी बढ़ने के कारण सीवेज लाइनों पर बोझ लगातार बढ़ रहा है लेकिन लाइनें पुरानी हैं। संकरे पाइप होने के कारण आए दिन लाइनें चोक हो जाती हैं। वन ट्री हिल्स से चंचल रोड की तरफ जाने वाले मार्ग पर दुकानों के साथ ही कई घर भी बने हैं। इनका सीवेज पुरानी लाइनों से ही जुड़ा है। यदि पुराने संकरे पाइप की जगह नए पाइप लगा दिए जाएं तो नागरिकों को सुविधा हो जाएगी।

कुछ इलाकों में सीवेज लाइनें क्षतिग्रस्त होकर पेयजल लाइनों से जुड़ गई हैं।

### सड़क सतह से नीचे हो गए चैंबर

आदर्श मार्ग, पुराना वार्ड के कुछ हिस्से में कुछ चैंबर सड़क के नीचे दब गए हैं, इससे वर्षा का पानी चैंबरों के माध्यम से सीवेज लाइनों में चला जाता है। बरसों पुरानी लाइनों के कारण लाइनों पर प्रेशर बढ़ते ही गंदा पानी घरों में घुस जाता है।

महापौर परिषद के पूर्व सदस्य कृष्ण मोहन सोनी के अनुसार हमने अमृत-2 योजना के तहत राजधानी का सीवेज सिस्टम सुधारने का प्रस्ताव स्वीकृत किया था। इसमें बैरागढ़ की लाइनें बदलने का भी प्रस्ताव शामिल है। नगर निगम परिषद गठित होने के बाद काम प्रारंभ होने की उम्मीद है।

# बाल वाटिका से कम होगा बच्चों के बस्ते का बोझ

**भोपाल ( यश भारत )।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब स्कूली बच्चों के बस्ते का बोझ कम होगा। प्रदेश के स्कूल शिक्षा राज्यमंत्रीइंदर सिंह ने कहा है कि राज ?य के स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बाल वाटिका कल्पना के तहत बस्ते के बोझ को खत्म किया जाएगा। सबसे पहले प्री-प्रायमरी कक्षाओं में इसे लागू किया जाएगा। इसके बाद धीरे-धीरे सभी कक्षाओं में बस्ते के बोझ को कम किया जाएगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री के निर्देश पर विभाग नियम बनाने में जुटा है। इसके अलावा वे स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश जारी कर नियमों का पालन कराएंगे। बता दें, कि प्रदेश भर के सीबीएसई स्कूलों के बच्चे पढ़ाई के बोझ से ज्यादा बस्ते के बढ़ते बोझ से जूझ रहे हैं। दिसंबर 2020 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नई स्कूल बैग नीति 2020 में कहा गया है कि कक्षा 1 से 10वीं तक के छात्रों के स्कूल बैग का भार उनके शरीर के वजन के 10 फीसद से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन सीबीएसई स्कूलों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। भोपाल सहित प्रदेश भर में बच्चे तय मानक से तीन से पांच गुना तक ज्यादा वजन उठा रहे हैं। मप्र बाल आयोग द्वारा प्रदेश के 38 जिलों में किए दौरे के दौरान यह सामने आया है। कुछ स्कूलों में प्रायमरी के बच्चों के स्कूल बैग का वजन 20 से 30 किलो तक पाया गया है, जबकि मानक वजन ढाई किलो तक है। इस संबंध में बाल आयोग ने कलेक्टर को पत्र लिखकर नियम को लागू करने की अनुशंसा की है।



### सभी कक्षाओं में लागू किया जाएगा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति और बाल वाटिका कल्पना के तहत बस्ते के वजन को नियंत्रित रखना सभी कक्षाओं में लागू किया जाएगा। इस संबंध में नियम बनाए जा रहे हैं। इसके लिए सभी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। हालांकि सीएम राइज स्कूलों में बच्चों के लिए लॉकर बनाए जाएंगे, जिसमें बच्चे अपने कापी-किताब रख सकेंगे।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुताबिक पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं में बाल वाटिका योजना के तहत बस्तों के वजन को लेकर कार्य किया जा रहा है। इससे स्वाभाविक रूप से बस्ते का वजन हो जाएगा। इसे लागू करवाने के लिए नियम भी बनाएंगे।**

**- इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री, मप्र**

# छह देशों के प्रतिनिधिमंडल ने समझी मध्य प्रदेश विधानसभा के संचालन की प्रक्रिया

**भोपाल ( यश भारत )।** फिजी, जांबिया, ग्वाटोमाला, हुंडारूस, उरुग्वे और फ्रांस के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मध्य प्रदेश विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग और विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह से मुलाकात की। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें विधानसभा संचालन की प्रक्रिया और कोरोना महामारी के दौरान प्रदेश में किए गए कार्यों के बारे जानकारी दी गई।

# जिला और जनपद अध्यक्ष के चुनाव की जमावट में जुटी भाजपा-कांग्रेस

**भोपाल ( यश भारत )।** 27 जुलाई से होने वाले जिला और जनपद पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की जमावट में भाजपा और कांग्रेस के नेता जुट गए हैं। भाजपा ने मंत्रियों को गृह और प्रभार के जिलों में अधिक से अधिक पार्टी समर्थक सदस्यों को अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बनाने की जिम्मेदारी दी है। इसके मद्देनजर जिलों में बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। सागर में मंत्री गोपाल भार्गव, भूपेन्द्र सिंह और गोविन्द सिंह राजपूत ने सदस्यों के साथ बैठक की। वहीं, कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों, विधायकों और पार्टी के वरिष्ठ नेता सदस्यों के बीच समन्वय बनाएंगे। प्रदेश की 313 जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव दो चरण में 27 और 28 जुलाई को होना है। भाजपा का दावा है कि अधिकांश जनपद पंचायत में उसके समर्थक सदस्य निर्वाचित हुए हैं, इसलिए अध्यक्ष उनका ही बनेगा। वहीं, कांग्रेस भी अपने समर्थकों के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बनने की बात कर रही है। दरअसल, चुनाव गैर दलीय आधार पर हुए हैं, इसलिए दोनों दल अपने-अपने दावे कर रहे हैं। चुनाव होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। वहीं, जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव 29 जुलाई को कलेक्टर कराएंगे। इसके लिए निर्वाचित सदस्यों का सम्मेलन होगा। भाजपा और कांग्रेस ने जिला और जनपद पंचायत चुनाव में अपने समर्थकों को अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बनवाने के लिए वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी है। सागर, जबलपुर, निवाड़ी सहित अन्य जिलों में प्रभारी मंत्री सदस्यों के साथ बैठक कर चुके हैं। संगठन स्तर पर भी बैठकों का सिलसिला चल रहा है। उधर, कांग्रेस की ओर से पूर्व मंत्री, विधायक और वरिष्ठ नेता सदस्यों के बीच समन्वय बनाने का काम कर रहे हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा.गोविन्द सिंह भिंड में बैठक कर चुके हैं तो पूर्व मंत्री तरुण भनोत बालाघाट, सिवनी और जबलपुर में चुनाव का काम देख रहे हैं। भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल के मुताबिक पार्टी ने जनपद और जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक तैनात कर दिए हैं। सभी लोग क्षेत्र में पहुंच गए हैं। वे स्थानीय नेताओं के साथ बैठकर रणनीति बनाएंगे और फैसले लेंगे।

# पिछले साल से छह लाख हेक्टेयर क्षेत्र में कम हुई अब तक धान की बोवनी

**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश में पहले वर्षा में विलंब और फिर लगातार पानी गिरने के कारण इस वर्ष धान की बोवनी प्रभावित हुई है। जबलपुर, कटनी, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर, ग्वालियर, शिवपुरी सहित अन्य जिलों में बोवनी 50 प्रतिशत से भी कम है। नरसिंहपुर में तो कम वर्षा के कारण किसानों ने नलकूप से खेतों में पानी भरकर बोवनी की। अभी तक 13.77 लाख हेक्टेयर में ही बोवनी हुई है। यह पिछले साल इस अवधि में हुई बोवनी से छह लाख हेक्टेयर कम है। हालांकि, मक्का, बाजारा और ज्वार की बोवनी जरूर लक्ष्य के अनुरूप हो चुकी है। सोयाबीन 49.79 और उड़द की बोवनी 12.83 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है। प्रदेश में वर्ष 2022 में 147 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसल की बोवनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धान के लिए 34 लाख 71 हजार हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है। पिछले साल 22 जुलाई तक 19.83 लाख हेक्टेयर में बोवनी हो गई थी लेकिन इस बार यह 13.77 लाख हेक्टेयर में ही हो पाई। धान के प्रमुख क्षेत्र कटनी व बालाघाट में 14 और नरसिंहपुर में 27 प्रतिशत बोवनी हुई। सिंगरौली, सतना और दतिया में 11, बुरहानपुर में 18 प्रतिशत ही लक्ष्य की पूर्ति हुई है। जबकि, सीहोर, विदिशा, हरदा, अशोकनगर, गुना और झाबुआ में धान की सौ प्रतिशत बोवनी हो चुकी है। पूर्व कृषि संचालक जीएस कौशल का कहना है कि वर्षा का दौर थमते ही बोवनी की गति बढ़ जाएगी। अगस्त के दूसरे पखवाड़े तक बोवनी होती है, इसलिए अभी चिंता की बात नहीं है। मक्का, उड़द, सोयाबीन सहित अन्य फसलों की बोवनी ठीक हो गई है।

### एक लाख हेक्टेयर में कम हुई सोयाबीन की बोवनी

उधर, सोयाबीन की बोवनी भी पिछले साल से एक लाख हेक्टेयर में कम हुई है। वर्ष 2021 में 22 जुलाई तक 49.76 लाख हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी हुई थी, जो इस वर्ष 48.76 लाख हेक्टेयर है। सरकार ने 54.42 लाख हेक्टेयर में बोवनी का लक्ष्य रखा है। मक्का 15 लाख हेक्टेयर में बोया जा चुका है तो बाजरा दो लाख 36 हजार हेक्टेयर में लगाया गया है। तुअर के लिए चार लाख 43 हजार हेक्टेयर क्षेत्र निर्धारित किया गया है, लेकिन अभी तक तीन लाख 15 हजार हेक्टेयर में ही बोवनी हुई है। अपर मुख्य सचिव कृषि अजीत केसरी ने बताया कि इस वर्ष अभी तक 111.51 लाख हेक्टेयर में बोवनी हो चुकी है।

# मप्र बोर्ड 5वीं व 8वीं की पुन परीक्षा शुरू

## बारिश के बीच छाता-रेनकोट में पहुंचे बच्चे

**भोपाल ( यश भारत )।** मप्र बोर्ड के कक्षा 5वीं और 8वीं के विद्यार्थियों की पुन- परीक्षा सोमवार 28 जुलाई से शुरू हो गई हैं। दोनों परीक्षाओं का समय दोपहर 12 बजे से 2.30 बजे तक रखा गया है। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं एक साथ शुरू हुई है। इसमें प्रदेश से करीब तीन लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। राजधानी में 22 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 20 हजार विद्यार्थी शामिल हुए हैं। राजधानी के सीएम राइज स्कूलों स ?कूलों के साथ-साथ अन ?य सरकारी स्कूलों में केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन बच ?चों में परीक्षा को लेकर उत ?साह नजर आया। सुबह से हो रही वर्षा के बावजूद बच्चे छाता और रेनकोट में परीक्षा देने पहुंचे। राजधानी में शासकीय कन्या उमावि जहांगीराबाद में पांचवीं व आठवीं कक्षा का केंद्र बनाया गया है। सरोजनी नायडू कन्या शाला में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रायमरी कक्षाओं में वर्षा का पानी भरे होने के कारण बच्चों को माध्यमिक कक्षाओं में बैठाकर परीक्षा ली जा रही है। इससे एक बेंच व डेस्क पर कम से कम दो बच्चों को बैठाया गया है। वहीं ईंटखेड़ी स्कूल में भी पानी भरे होने के कारण बच्चों को परीक्षा के लिए पहुंचने में परेशानी हुई। बच्चों की पुन- परीक्षा वार्षिक परीक्षा की तर्ज पर ली जा रही है। ऐसे में विद्यार्थियों का केंद्र उनके अपने स्कूल में नहीं बनाया गया है, बल्कि समीप के दूसरे स्कूलों में केंद्र बनाया गया है। दोनों कक्षाओं का भाषा हिंदी व अंग्रेजी का का पेपर हो रहा है। इसमें पिछले सत्र के ऐसे विद्यार्थी शामिल हुए हैं, जो सत्र 2021-22 की वार्षिक परीक्षा में फेल हो गए थे। अगर इस परीक्षा में भी विद्यार्थी फेल होंगे तो उन्हें उसी कक्षा में पढ़ना होगा। इसके अलावा पहली परीक्षा में अनुपस्थित दिव्यांग विद्यार्थियों को भी शामिल किया गया है। बता दें, कि सत्र 2021-22 की 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा में करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसमें से करीब 4 लाख परीक्षार्थी 33 प्रतिशत अंक नहीं ला पाए थे। राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से प्रदेश भर में करीब एक हजार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।विकासखंड स्तर पर होगा मूल्यांकन राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से जारी दिशा-निर्देश में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि पांचवीं व आठवीं की पुन- परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए प्रत्येक विकासखंड स्तर पर एक ही मूल्यांकन केंद्र बनाया जाएगा। बीआरसीसी मूल्यांकन के लिए संस्था का चयन कर सभी परीक्षा केंद्रों की मूल्यांकन केंद्र से मैपिंग करेंगे।



# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने मिलेंगे चार मौके

**भोपाल ( यश भारत )।** मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अब युवाओं को एक जनवरी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर की पहली तारीख को भी 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले युवक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पात्र होंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन विधि संशोधन अधिनियम 2021 के माध्यम से यह परिवर्तन किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि अभी मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए अर्हता तिथि एक जनवरी थी। यदि कोई युवा किसी और माह में 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेता था तो भी उसे मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए एक जनवरी का इंतजार करना पड़ता था। नई व्यवस्था के अनुसार अब उसे तीन मौके और मिलेंगे, यानी एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर वह अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए पात्र होगा।



## कलियासोत पुल के पास सड़क बहने के मामले में इंजीनियर एसपी दुबे निलंबित

# सलाहकार कंपनी ब्लैकलिस्ट

**भोपाल ( यश भारत )।** भोपाल-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 12 पर भोपाल और मंडीदीप के बीच कलियासोत पुल के पास सड़क बहने की घटना को सरकार ने गंभीरता से लेते हुए इंजीनियर एसपी दुबे को निलंबित कर दिया। साथ ही सड़क की गुणवत्ता का काम देखने वाली थीम इंजीनियरिंग कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। वहीं, निर्माण एजेंसी सीडीएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जा रही है।तत्कालीन जिला प्रबंधक पवन अरोड़ा और सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक डीके जैन के विरुद्ध विभागीय जांच प्रारंभ कर दी है। प्रमुख सचिव लोक निर्माण नीरज मंडलोई ने संपूर्ण मार्ग पर निर्मित संरचना की जांच आइआइटी रुड़की से दो माह में कराने के निर्देश दिए हैं। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम ने सुरक्षा की दृष्टि से कटाव स्थल पर भराव का काम प्रारंभ कर दिया है। घटना सामने आने के बाद लोक निर्माण के मंत्री गोपाल भार्गव ने विभागीय अधिकारियों को समीक्षा करके दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्रालय के क्षेत्रीय अधिकारी के साथ निगम के प्रबंध संचालक शशांक मिश्रा और वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद आठ लेन सड़क में दुर्घटनाग्रस्त दो सर्विस लेन और दो मुख्य लेन का यातायात पर प्रतिबंध लगा दिया गया। मंत्रालय में प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें अधिकारियों ने बताया गया कि कुछ दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण 24 जुलाई की रात कलियासोत बांध के गेट खोले जाने से पानी के अप्रत्याशित बहाव के फलस्वरूप कलियासोत नदी पर बने वृहद पुल की अप्रोच रोड किनारे बनाई गई सुरक्षा दीवाल खि ?सकने से गिर गई। इससे एक तरफ की सर्विस लेन पर कटाव हो गया। पुल को कोई क्षति नहीं हुई

# प्रथम तिमाही में कुल 1800 कोचों/वैगनों से अधिक का ओवरहॉलिंग किया गया



**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा कोचों और वैगनों का रूटीन ओवर हॉलिंग करके अधिक से अधिक पीओएच आउटटर्न किया जा रहा है। पमरे के अनुरक्षण डिपों में इस वित्तीय वर्ष के शुरुआत माह से ही लक्ष्य से अधिक कोचों/वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया जा रहा है। पमरे महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में और प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता के नेतृत्व में वर्कशॉप के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा जून माह में दोनों कारखानों (सीआरडब्लूएस/भोपाल एवं डब्लूआरएस/कोटा) में कुल 659 कोचों/वैगनों का पीओएच आउटटर्न किया गया है। जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 98 कोचों का अनुरक्षण करके लक्ष्य (90 कोचों) से लगभग 09 प्रतिशत अधिक आउटटर्न में वृद्धि हुई है। कोटा वर्कशॉप ने 561 वैगनों की मरम्मत (वैगन आउटटर्न उत्पादन) करके लक्ष्य (500 वैगनों) से लगभग 12 प्रतिशत अधिक आउटटर्न किया है। गौरतलब है कि पमरे ने इस वित्तीय वर्ष में अप्रेल से जून तक कुल 290 कोचों का अनुरक्षण और 1517 वैगनों का पीओएच (पीरियोडिक ओवर हॉलिंग) आउटटर्न किया गया है।वैगनों का पीओएच (पिरियोडीक ओवर हॉलिंग) 04/06 वर्ष में एक बार किया जाता है, तथा कोचों का पीओएच 12 से 18 महीनों में एक बार किया जाता है। सीआरडब्लूएस भोपाल कोचों का पीओएच और डब्ल्यूआरएस कोटा वैगनों का पीओएच करती है।

*कोचों वह वैगनों में यह कार्य किये जाते हैं*

* कोचों और वैगनों के नीचे ट्रॉली, बोगी के सभी पार्ट्स की मरम्मत की जाती है, जो सरंक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है।

* कोच और वैगन के बॉडी और अंडर गियर की भी मरम्मत की जाती है, जिससे यात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव दिया जा सके और परिचालन में सरंक्षा सुनिश्चित की जा सके।

* एयर ब्रेक सिस्टम के सभी पार्ट एवं वैगनों और कोचों के दोनों ओर के ब ?र की मरम्मत की जाती है जिससे सरंक्षा में बढ़ोत्तरी एवं जर्क फ्री राइडिंग का अनुभव होता है।

* व्हील और एक्सल की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाता है, जिससे सुरक्षा में इजाफा होता है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा पीओएच आउटटर्न पर अच्छे प्रदर्शन के लिए पमरे महाप्रबंधक द्वारा दोनों डिपो सहित यांत्रिक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टीम वर्क की सराहना की है।

## त्यौहारों पर स्पेशल गाड़ियों के चलने की अवधि बढ़ी

**जबलपुर यश भारत।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए वर्तमान में चलाई जा रहीं, पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली स्पेशल गाड़ियों के चलने की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि गाड़ी संख्या 09045 उधना जंक्शन-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 30.09.2022 तक तथा वापसी में गाड़ी संख्या 09046 रीवा-उधना जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 01.10.2022 तक बढ़ा दी गई है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09013 उधना जंक्शन-बनारस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 27.09.2022 तक तथा वापसी में गाड़ी संख्या 09014 बनारस-उधना जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 28.09.2022 तक विस्तारित कर दी गई है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 09117 सूरत-सूबेदारगंज स्पेशल ट्रेन 30.09.2022 तक, गाड़ी संख्या 09118 सूबेदारगंज-सूरत साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन भी दिनांक 01.10.2022 तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से गन्तव्य के लिए चलती रहेंगी।

# कांवड़ यात्रा से भक्तिमय हुआ गाडरवारा



**गाडरवारा( यश भारत )।** भगवान शिव की आराधना के पवित्र मास में सावन के द्वितीय सोमवार को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कावड यात्रा का आयोजन किया गया । विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित कावड यात्रा में सभी वर्गों के व्यक्ति ने सम्मिलित होकर भक्ति रस के साथ माँ नर्मदा तट ककराघाट से ऋष्यमुक्तेश्वर महादेव धाम शिवालय चौक के लिए निकाली गई । जिसमें बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से अनेक संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया । कावड यात्रा का पुष्प वर्षा कर, मल्यार्पण कर विभिन्न प्रकार से स्वागत किया गया । यात्रा समापन में यात्रा प्रमुख रत्नेश मिश्रा, राहुल कौरव, हरिओम कौरव द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं को अभिषेक कराया एवं यात्रा में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के सभी दायित्वान उपस्थित रहे, यात्रा सम्मिलित होने पर सभी का आभार जताया ।

**पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत**

## लायंस क्लब जबलपुर सेन्ट्रल के नवीन पदाधिकारियों का शपथ समारोह आज

जबलपुर,यशभारत। लायंस क्लब जबलपुर सेन्ट्रल के नवीन सत्र 2022 2023 के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आज सांयकाल 7.30 बजे से होटल कल्चुरी, सिविल लाइन, जबलपुर में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन सुधीर जैन, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, गैस्ट ऑफ ऑनर मान. लखन घनघोरिया पूर्व मंत्री, विधायक (म.प्र) एवं विशिष्ट अतिथि पीएमजेएफ लायन प्रकाश चांडक पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं पीएमजेएफ लायन नरेन्द्र जैन पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर होंगे।

# विधि सेवा समिति ने किया वृक्षारोपण



**पाटन, यशभारत।** राष्ट्रीय विविध सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विविध सेवा प्राधिकरण जबलपुर के माध्यम से चलाए जा रहे पंच-ज अभियान के अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से तहसील पाटन में वृक्षारोपण के लिए नगर पालिका से सम्पर्क स्थापित कर ऐसे स्थानो को चिन्हित किया गया जहां फलदार वृक्ष लगाए जा सके और जिन को सही तरीके से संरक्षित कर देखभाल की जा सके इस के लिए सिविल लाइन में खाली प ?ी जमीन पर खरपतवारों को नष्ट कर वृहद फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया साथ ही पे ?ो की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए इसी क्रम में नगर के अन्य स्थानो पर भी वृक्ष लगाए गए कार्यक्रम में तहसील विविध सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक कुमार जिला न्यायाधीश के साथ न्यायिक अधिकारी लोक अभियुक्त के साथ अधिवक्ता संघ उपस्थित रहा।

## शैली त्रिपाठी ने 12 ISC board मे 94-5 त्नअंक अर्जित किये



पनागर/क्राइसचर्च स्कूल की कु .शैली त्रिपाठी ने 12 ISC board मे 94-5 त्नअंकों के साथ पास किया है शैली पनागर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक सुशील त्रिपाठी एवं मीला त्रिपाठी की पुत्री है।

## अन्नया बुधरानी का सुयश



जबलपुर, यशभारत। जॉय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा अन्नया बुधरानी ने 12वीं परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक हासिल प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा प्रिया-अनिल बुधरानी की पुत्री है। अन्नया ने सोशल साइंस में 100 नंबर प्राप्त किए

# राजपूत समाज द्वारा महापौर का सम्मान




**जबलपुर,यशभारत।** महाराणा प्रताप भवन रानीताल में क्षत्रिय राजपूत समाज जबलपुर ने नवनिर्वाचित महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं अन्य सजातीय पार्षदों का सम्मान किया गया। श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू का गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया। प्रवेश द्वार पर महापौर ने रुद्राक्ष एवं अन्य पौधों का रोपण किया। महापौर जगत बहादुर सिंह को पगड़ी बांधी गई और समाज की ओर से तलवार भेंट कर शाल-श्रीफल, पुष्पहार से सम्मान किया गया। इस अवसर पर अन्य सजातीय पार्षदों श्रीमती सोनिया सिंह, श्रीमती मधुबाला राजपूत और मोनिका सिंह का शाल श्रीफल एवं पुष्प माला से सम्मान किया गया। आशीष ठाकुर को भी जो मोक्ष संस्था के संचालक है, कोरोना काल में उल्लेखनीय सेवाओं के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ठा. सुभाष सिंह गौर, मनोज भदोरिया, रज्जन सिंह बैस, प्रहलाद सिंह राजपूत, श्याम सिंह ठाकुर, दीपक परिहार, विशाल सोलंकी, दिलीप सिंह ठाकुर, पुष्पेन्द्र ठाकुर, पीयूष ठाकुर, सरदार सिंह, सुरेन्द्र सिंह पवार, प्रेम सिंह सिसौदिया, ए.के. सिंह, शैलेन्द्र सिंह राजपूत, कुबेर सिंह गौतम, शरद सिंह गौर, जर्नादन सिंह, राजेश्वर सिंह, शैलेन्द्र सिंह बैस, श्रीमती प्रताप भवन, कृष्णा राजपूत, मेघा पवार, सीमा सिंह, राजमणि चौहान, कल्पना सिंह बैस आदि की उपस्थिति विशेष रहीं।

## नि :शुल्क वेक्सिनेशन एवं हेल्थ कैम्प



जबलपुर,यशभारत। अमृत महोत्सव के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नि :शुल्क वेक्सिनेशन कैम्प लगाए जा रहे हैं। इसी के तहत नि :शुल्क वेक्सिनेशन एवं हेल्थ कैम्प का आयोजन किया, जिसमें 200 से अधिक लोगों का वेक्सिनेशन एवं स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। इस हेल्थ कैम्प में डॉ. मैत्री दत्त द्वारा बी.पी., शुगर एवं अन्य जांच की गई जिसमें विशाल दत्त, जूही दत्त, संतोष गोडबोले, सूरज सोंधिया, रुद्राक्ष दुबे, राहुल पटेल, अनुराग अग्रवाल, रवि पटेल, नवीन रिछारिया आदि लोग उपस्थित हुए।

## सफाई और रखरखाव में लापरवाही पर निगमायुक्त ने जताई नाराजगी

जबलपुर,यशभारत। ऐतिहासिक तालाबों का विकास कर पर्यावरण सुधार के लिए निरंतर काम कर रहे नगर निगम प्रशासन के द्वारा विभिन्न तालाबों एवं उद्यानों का सौंदर्यीकरण एवं उनका उन्नयन का कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ ने उद्यान विभाग की प्रभारी अधिकारी एवं सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन के साथ गुलौआताल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने पाया कि गुलौआताल एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं रखरखाव के कार्यों में कोताही बरती जा रही है, इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ ने अधिकारियों को साफ सफाई एवं रखरखाव सम्बन्धी कार्यों पर विशेष ध्यान देते हुए सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि उनके द्वारा अब नियमित रूप से तालाबों, उद्यानों के सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन संबंधी कार्यों की समीक्षा की जाएगी एवं यदि किसी के द्वारा लापरवाही बरती जाती है, तो उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# शिवलिंग निर्माण महारुद्र यज्ञ एवं महारुद्राभिषेक समापन



**जबलपुर,यशभरत।** शिवलिंग निर्माण महारुद्र यज्ञ एवं महारुद्राभिषेक के पंचम दिवस पर गृहस्थ संत पंडित तरुण चौबे महाराज के सानिध्य में कावड़ यात्रा में भक्तों का पुष्प हार और फल भेंट कर स्वागत किया और पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया , पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर , गौरव भनोट , पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शरद जैन हजारो की संख्या में भक्तों ने शिवलिंग निर्माण कर पूजन अर्चन ,अभिषेक व आरती कर धर्म लाभ उठाया। समिति के अध्यक्ष अनिल पाठक , पंकज दुबे , रवि सोनी,ऋषभ चौबे , तपन झरिया ,नवीन चंदेरिया ,पिंटू पटेल ,विवेक,अरुण चौबे ,किशन गुप्ता ,शिवांक साहू ,दीपक खत्री, आलोक कोरी ,,आशीष पांडेय ,लोकेन्द्र सिंह, विशाल केशरवानी ,करुण चौबे और अन्य जिलों से इंदौर ,भोपाल ,जयपुर , लखनऊ , नागपुर , छत्तरपुर , से आये हुए शिष्यों ने महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया । मातेशरी परिवार के सभी सदस्यों ने सभी धर्म प्रेमी जनता से आज प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने हेतु विशाल भंडारे में शामिल होने के लिए आग्रह किया है।भंडारा सुबह 2बजे तक रहेगा ।

# स्टेशन में गंदगी व धूम्रपान करने वाले 346 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई

**पमरे ने 3 माह 48 हजार रुपये जुर्माना वसूला**



जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं गा?ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के निर्देश पर तथा प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मुकुल सरन माथुर के नेतृत्व में रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को भी जागरुक किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने का अनुरोध किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है।

मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि माह जून 2022 में पमरे के तीनों मण्डलों में कुल 346 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई तथा उनसे 48 हजार 60 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल से जून 2022 तक गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 1266 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 01 लाख 60 हजार 150 रूपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने के लिए अनुरोध भी किया जाता है।रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है, रेल परिसर में कृपया गंदगी न फैलाएं। स्टेशन का वातावरण स्वच्छ, सुंदर रखने में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहभागी बनें। गंदगी करने वालों के विरुद्ध आगे भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे ।

# भोलेनाथ की भव्य महाआरती और भजन कीर्तन



**जबलपुर,यशभारत।** चितरंजन दास वार्ड क्रमांक 39 गोहलपुर अमखेरा रोड शिव शक्ति दरबार नर्मदा महिला मंडल द्वारा भोलेनाथ की भव्य महाआरती और भजन कीर्तन किया गया जिसमें क्षेत्रीय महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । इस मौके पर नर्मदा नगर की सुषमा राजपूत लक्ष्मी तिवारी ,पुष्पा कनौजिया ,ममता कोष्टा,सुशीला कनौजिया, भारती साहू, सुषमा पटेल ,सुनीता साहू सोनम कनौजिया व क्षेत्रीय महिलाएं उपस्थित थी।

# शिवलिंग निर्माण से पुण्य की प्राप्ति - तरूण चौबे

**शिवलिंग निर्माण में उमडा आस्था का सैलाब**



**सिहोरा ।** श्रावण मास पर ग्वारीघाट रोड बिग बाजार के बगल में 21 से 26 जुलाई तक चल रहे महायज्ञ का चौथे दिवस ग्रहस्थ संत पंडित तरुण चौबे जी महाराज के सानिध्य में हजारो की संख्या में भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पूजन अर्चन किया साथ ही अभिषेक व आरती कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में जबलपुर सांसद राकेश सिंह,पूर्व मंत्री विधायक तरुण भानोट, पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया, शरद जैन, सिहोरा के पूर्व विधायक दिलीप दुबे,समाजसेवी विनय असाटी,डाक्टर जितेंद्र जामदार ने ग्रहस्थ संत पंडित तरुण चौबे जी का शाल श्रीफल पुष्प हार से स्वागत कर आशिर्वाद प्राप्त किया । संत चौबे जी ने कहा की श्रावण मास में शिवलिंग निर्माण करने से पुण्य की प्राप्ती होती है ।कार्यक्रम में भजन गायक मनीष अग्रवाल, तेजल विश्वकर्मा, राजेश कपूर,इशिता विश्वकर्मा, दीपक मेहता, विशाल गुरुम ,वर्षा यादव,प्रेरणा भारती,संजय गायकवाड आदि ने भजनो की प्रस्तुति दी जय मातेश्वरी भक्त परिवार समिति के अध्यक्ष अनिल पाठक,पंकज दुबे,रवि सोनी,मदन अवस्थी, शैलेन्द्र दुबे,कैलाश अग्रवाल, नवीन चंदेरिया, छैलू महावर,तपन झारिया,अजय अग्रवाल, हर्ष महाजन ,अवधेश कटारे,प्रतीक महावर,नंदकुमार श्रीवास्तव, श्यामा चरण दीक्षित, उमेश जौहरी आदि ने समस्त भक्तों से आयोजन में पहुचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# अब रंग-बिरंगे विज्ञापनों से सुसज्जित होंगे रेल इंजन

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल से चलने वाली रेलगाड़ियों के इंजनो को रेलवे द्वारा रंग विरंगे विज्ञापनों से सुसज्जित करके आकर्षक बनाये जाने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है इस कार्य से रेलवे को गैर किराया मद से लाखो रुपये की आय प्रतिवर्ष होगी। इस सम्बन्ध में वरिष्ट मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया की मंडल रेल प्रशासन ने उक्त कार्य के लिए पांच रेलवे इंजनो का चयन किया है तथा निविदा द्वारा इसे वाणिज्य विज्ञापन कर्ता को सौपा है. अब लायसेंसी रेलवे से अनुबंध की शर्तो के अनुसार इन इंजनो पर पी.यू.पेंट से निजी कम्पनियों, संस्थाओ, कार्पोरेट कंपनी आदि के प्रचार प्रसार के लिए विज्ञापनों का प्रदर्शन रेलवे इंजन के दोनों फलको पर कर सकेगे। यह विधुत इंजन मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर रेल पटरी पर जल्द ही दौडेगे जिससे प्रचार प्रसार का लाभ निजी व्यवसायों को मिलेगा इस कार्य से रेलवे को भी प्रति इंजन दो लाख रुपये प्रतिवर्ष की आय होगी जो की रेलवे की परम्परागत रेल भाड़ा आय से हटकर है. उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेलवे में जबलपुर मंडल ने उक्त कार्य से सर्वाधिक लायसेंस फीस प्राप्त करने का रिकार्ड कार्य किया है।

**रेलवे को होगी प्रतिवर्ष,लाखो रुपये की आय**

## भविष्य संवारने का सबसे सशक्त माध्यम है कौशल प्रशिक्षण - श्रीमती अंकिता जैन

**जबलपुर,यशभारत।** दीनदयाल अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में शहर में बड़ी संख्या में युवाओं को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही उनका प्लेसमेंट भी कराया जा रहा है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) ईएसटीपी घटक के अंतर्गत सॉफ्ट कोर सर्विसेस द्वारा प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन के द्वारा युवाओं को प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। प्रमाण-पत्र वितरण उपरांत सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने सभी छात्रों को स्वर्णिम भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। संस्था प्रमुख शैलेश पाण्डेय ने बताया कि संस्था को 360 छात्रों को कौशल प्रशिक्षण देने का टार्गेट दो जॉब रोल में दिया गया था जिसमें 120 जनरल ड्यूटी असिस्टेंट एडवॉश जॉब रोल में एवं 240 असिस्टेंट फैशन डिजाइनर जॉब रोल में दिया गया था। 360 में 352 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलता पूर्वक ट्रेनिंग समाप्त की एवं सर्टिफिकेट प्राप्त किया।

# अविधा ही है दुखों का मूल कारण - स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी

**गोटेगांव, यशभारत।** अनादि अविधा की उपाधि ही चेतन सत्ता को जीव संज्ञा प्रदान करती है जीव संज्ञा प्राप्त कर किसी शरीर विशेष को ही अपना स्वरूप मानना लग जाने के कारण हम दुख भोग रहे हैं अभिधा की नवृति से हम संसार के सभी दुखों से पूर्ण तथा मुक्त हो सकते हैं उक्त विचार स्वामी श्री 1008 अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अपने चातुर्मास प्रवचन के क्रम में परमहंसी धर्म मंच से व्यक्त किए स्वामी श्री ने आगे उदाहरण देते हुए बताया कि गणित मैं सवाल पूछते हैं कि मान लो कि साइन के पास ?1000 हैं फिर उसने बाजार में इस -उस वस्तु को खरीदता है तो बताओ उसने कितना खर्च किया और कितना शेष बच गया उत्तर दिया भी जाता है कि इतना सामान आया और इतना बच गया पर जब पूछा जाए कि वह सामान और बचा हुआ पैसा कहां है तो खोजने के लिए सामान और पैसा नहीं मिलता है वैसे ही यह संसार भी जबानी जमा खर्च है वास्तव नहीं क्योंकि ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना के आदि में ही अविधा का निर्माण कर हम सब की दृष्टि में भ्रम उत्पन्न कर दिया आबिदा की उपाधि आ जाने से चेतन , अमल ,सहज सुख राशि आत्मा जीव संज्ञक होकर किसी एक शरीर को अपना स्वरूप मान बैठा है इसीलिए तरह-तरह के दुख दर्द उसे झेलने पड़ रहे हैं ज्ञान को प्राप्त करने से ही अविधा की निवृत्ति हो सकती है ।

# महिला आईपीएल में खेलती दिख सकती हैं मिताली राज



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारत की पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी मिताली राज ने इसी साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। हालांकि, अब उन्होंने महिला आईपीएल को लेकर बड़ा बयान दिया है। मिताली ने कहा कि वह आईपीएल को ध्यान में रखी हुई हैं और समय आने पर इस पर फैसला लेंगी। ऐसे में फैन्स मिताली को एक बार फिर क्रिकेट खेलता हुआ देख सकते हैं। महिला आईपीएल की शुरुआत अगले साल से होने जा रही है। मिताली ने पिछले महीने 23 साल के शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के अंत की घोषणा की थी। उन्होंने 232 वनडे मैचों में 50 से अधिक की औसत से 7,805 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने 89 टी 20 अंतरराष्ट्रीय में 2,364 रन बनाए। साथ ही 12 टेस्ट में 699 रन बनाए, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक भी शामिल है। मिताली ने कहा- महिला आईपीएल के पहले संस्करण का हिस्सा बनना प्यारा होगा। मैं उसमें खेलने के विकल्प पर फिलहाल विचार कर रही हूं। मैंने अभी तक फैसला नहीं किया है। महिला आईपीएल होने में कुछ और महीने बाकी हैं। इसके अलावा पूर्व भारतीय महिला क्रिकेट कप्तान हरियाणा के रोहतक की शेफाली वर्मा की प्रतिभा से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा- शेफाली खिलाड़ियों की दुर्लभ नस्ल वाली है। वह उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती है तो अकेले ही मैच जिताने की क्षमता रखती है। हाल ही में क्रिकेट से संन्यास लेने वाली मिताली ने कहा कि 18 वर्षीय खिलाड़ी के शॉट काफी अच्छे होते हैं। मिताली ने कहा कि वह उसके खेल की प्रशंसक हैं। उन्होंने कहा- शेफाली किसी भी टीम के खिलाफ भारत को अकेले जीत दिला सकती है। ऐसे खिलाड़ी शायद एक पीढ़ी में एक बार मिलते हैं। मिताली ने यह बात आईसीसी के 100 पर्सेंट क्रिकेट पोडकास्ट में कही। मिताली ने कहा- उन्होंने शेफाली को घरेलू मैचों के दौरान रेलवे के खिलाफ खेलते हुए देखा था। उसने अर्धशतक लगाया था। उसमें ऐसे खिलाड़ी की झलक देखने को मिली, जो अकेले ही मैच का रुख मोड़ सकती है। मिताली ने कहा- उसने महिला आईपीएल की चैलेंजर ट्रॉफी में हमारी टीम वेलोसिटी से खेला था। उसके अंदर गजब की क्षमता है। वह गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाना चाहती है।



# धोनी की पत्नी साक्षी ने दिखाया मेकअप का अनोखा तरीका



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान की पत्नी साक्षी धोनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह इंस्टाग्राम पर अपनी, बेटी जीवा और धोनी की तस्वीरें या वीडियो शेयर करती रहती हैं। इसी बीच साक्षी ने इंस्टाग्राम पर एक और वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने मेकअप का अनोखा तरीका बताया है। इसे देखकर आप हैरान रह जाएंगे।

साक्षी अपनी खूबसूरती से करोड़ों दिलों पर राज करती हैं। वह किसी बॉलीवुड एक्ट्रेस से कम नहीं हैं। हालांकि, वह अपनी त्वचा और खूबसूरती के लिए प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल करती हैं। खुद साक्षी ने अपने इंस्टाग्राम के जरिए फैंस को यह बात बताई है।हाल ही में साक्षी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने फ्रूट-मेकअप चैलेंज को स्वीकार किया और इसका हिस्सा बनीं। साक्षी इस वीडियो में चेरी को पहले अपने होठों पर लगाती है। इसके बाद चेरी को ब्लशर के रूप में इस्तेमाल करती हैं और अपने गालों पर लगाती है। इसके बाद साक्षी चेरी को फिर से नाक पर लगाती हैं। अंत में साक्षी उस चेरी को खा लेती हैं। साक्षी ने इस वीडियो के कैप्शन में फ्रूट मेकअप चैलेंज को स्वीकार करते हुए लिखा- क्यों नहीं। सोशल मीडिया पर साक्षी का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और अब तक तीन लाख से ज्यादा लोग इसे लाइक कर चुके हैं। वहीं, इस वीडियो पर रॉबिन उथप्पा की पत्नी शीतल ने भी कमेंट किया है।

# विराट कोहली 2019 वर्ल्ड कप के बाद से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज



## 32 महीने से विराट कोहली ने नहीं लगाया कोई शतक, फिर भी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

**मुंबई ( एजेंसी )।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इन दिनों आलोचकों के निशाने पर चल रहे हैं। रन बनाने के लिए जूझ रहे विराट को टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम से निकालने की मांग की जा रही है। तीन साल पहले तक विराट कोहली को पूरी दुनिया में रन मशीन बोला जाता था, लेकिन अब स्थितियां यह बन पड़ी हैं कि उन्हें इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप से बाहर करने की चौतरफा आवाज बुलंद होने लग पड़ी है।

### कई क्रिकेटर्स विराट की कर रहे आलोचना

कप्तान रोहित शर्मा अपने साथी विराट की खराब फॉर्म का बचाव करने में लगे हैं, लेकिन दिग्गज कपिल देव, सुनील गावस्कर और वीरेंद्र सहवाग की ओर से उठाए गए सवालों को नजरअंदाज करना बीसीसीआई और चयनकर्ताओं के लिए मुश्किल बनता जा रहा है। हालांकि, विराट कोहली को लेकर एक दिलचस्प आंकड़ा ऐसा है जो आपको हैरान कर देगा। विराट तीनें फॉर्मेट मिलाकर भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। तीन साल पहले किसी ने यह सोचा भी नहीं था कि विराट अपनी बल्लेबाजी को लेकर सवालिया निशानों के घेरे में होंगे। तीनों प्रारूपों में उनका प्रदर्शन ही कुछ इस तरह का था। उन्होंने 2019 वर्ल्ड कप के फाइनल तक 380 मैचों की 421 पारियों में 56.31 की शानदार औसत से 20,162 रन बनाए थे। हालांकि, 2019 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके बल्ले से कुछ खास रन नहीं निकला है, तब से उनका औसत गिर गया है। विराट ने 2019 वर्ल्ड कप के फाइनल के बाद तीनों प्रारूपों में खेले 83 मैचों में 41.92 की औसत से महज 3564 रन बनाए हैं। हालांकि, इस मामले में भी वह बेस्ट रहे हैं। इस दौरान तीनों फॉर्मेट मिलाकर विराट से ज्यादा किसी भारतीय बल्लेबाज ने रन नहीं बनाए हैं। विराट के बाद रोहित शर्मा 70 मैचों में 3318 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। वहीं, ऋषभ पंत 75 मैचों में 2593 रन बनाकर लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। 2019 वर्ल्ड कप के बाद से तीनों फॉर्मेट मिलाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज की बात करें तो टॉप पर पाकिस्तान के बाबर आजम हैं। उन्होंने इस दौरान 82 मैचों की 90 पारियों में 55.23 की औसत से 4474 रन बनाए हैं। वहीं, इंग्लैंड के जो रूट 56 मैचों की 89 पारियों में 4124 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। विराट ओवरऑल लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं।



# फ्रेडी की स्ट्रीमिंग में ओटीटी प्लेटफॉर्म को दिलचस्पी नहीं

## मुश्किलों में फंसे कार्तिक आर्यन

**मुंबई ( एजेंसी )।** कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 2 की सफलता के बाद से काफी चर्चा में हैं। दरअसल उनकी आने वाली फिल्म शहजादा की शूटिंग चल रही है और वह इसके सेट से अक्सर तस्वीरें साझा करते रहते हैं। इसके अलावा वह इन दिनों रोमांटिक थ्रिलर फिल्म %फ्रेडी% को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। लेकिन कार्तिक आर्यन की ये फिल्म इन दिनों मुश्किलों में फंसती नजर आ रही है। इस फिल्म का निर्देशन %वीरे दी वेडिंग% फेम शशांक घोष ने किया है। दरअसल इस फिल्म को पहले सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाना था, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। कार्तिक आर्यन ज्यादातर रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

उनका कॉमेडी अंदाज फैंस को बहुत पसंद भी आता है। लेकिन कुछ अलग करने की चाहत में कोरोना काल में कार्तिक आर्यन की फिल्म धमाका को सीधे ओटीटी पर रिलीज किया गया था। ये एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी, लेकिन इस फिल्म को दर्शकों ने सिरे से नकार दिया था। अब उनकी दूसरी फिल्म फ्रेडी को संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### ओटीटी प्लेटफॉर्म ने किया मना

फ्रेडी के मेकर्स ने इसको रिलीज करने के लिए कई ओटीटी प्लेटफॉर्म से संपर्क किया, लेकिन ओटीटी ने सीधे उनकी फिल्म को लेने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि पहले निर्माता इस फिल्म को थियेटर में रिलीज करें। दरअसल धमाका के ओटीटी पर फ्लॉप होने के बाद प्लेटफॉर्म की इसमें दिलचस्पी नहीं हैं।

### सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है फ्रेडी

कार्तिक आर्यन की ज्यादातर फिल्में हिट ही रही हैं। ऐसे में निर्माताओं को इस फिल्म को सीधे ओटीटी पर रिलीज करने को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में भूल भुलैया 2 की शानदार सफलता के बाद अब फ्रेडी को सिनेमाघरों में रिलीज करना एक सही फैसला हो सकता है।

# ललित मोदी ने फिर किया सुष्मिता का जिक्र



**मुंबई ( एजेंसी )।** केआरके उर्फ कमाल आर खान ने एकता कपूर पर कोरियन स्क्रिप्ट चुराने का आरोप लगाया था, जिसका जवाब देते हुए एकता कपूर ने कहा, %जो कोई भी इस स्क्रिप्ट को सुनेगा उसे यह पसंद आएगी। इसे किसी अन्य भाषा में नहीं बनाया गया है। मुझे नहीं पता कि मिस्टर केआरके कौन-सी कोरियन सीरीज देख रहे हैं। लेकिन मुझे लगता है कि केआरके मुझे ज्यादा जानते हैं। ललित मोदी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट को शेयर करते हुए ललित ने ना सिर्फ ट्रोल को करारा जवाब दिया बल्कि मीडिया पर भी निशाना साधा है। कुछ मिनट पहले ही शेयर किए गए इस पोस्ट में ललित मोदी ने एक कार्टून शेयर किया है, जिसमें चार अलग-अलग खबरें दिखाई गई हैं। इन चार खबरों में से एक खबर ललित और सुष्मिता के रिलेशनशिप की भी है। पढ़िए खबर में क्या लिखा था...



# लवलीना के ट्वीट से हड़कंप

## खेल मंत्री मामले पर रख रहे नजर



**मुंबई ( एजेंसी )।** ओलंपिक पदक विजेता बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन के ट्वीट ने देश में हड़कंप मचा कर रखा दिया है। दरअसल, रविवार की रात मुख्य खेल गांव कॉमनवेल्थ गेम्स बर्मिंघम (सीजीबी) के वेलकम सेंटर में आयरलैंड से पहुंची पूरी भारतीय बॉक्सिंग टीम को मान्यता कार्ड जारी कर दिए गए, लेकिन लवलीना की कोच संध्या गुरुंग का कार्ड नहीं बना। नतीजन उन्हें नजदीक के ही एक होटल में ठहराना पड़ा। सोमवार की सुबह लवलीना को तैयारी कराने के लिए संध्या खेल गांव के मुख्य द्वार पर पहुंचीं, लेकिन उनके पास मान्यता कार्ड नहीं होने के चलते उन्हें सिक्योरिटी गार्ड ने खेल गांव में नहीं घुसने दिया। इसके बाद लवलीना ने ट्वीट कर बताया इसकी शिकायत कि उनके कोच को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेल गांव में एंट्री नहीं दी जा रही है, जबकि आठ दिन बाद राष्ट्रमंडल खेलों में उनका मुकाबला है। ऐसे में लवलीना की तैयारी बाधित हो रही है। लवलीना के इस ट्वीट ने मैनेजमेंट पर सवाल खड़े कर दिए। इसके बाद भारतीय खेल मंत्रालय ने एक्शन लेते हुए इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन से बातचीत की है। खेल मंत्रालय ने आईओए को मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने के लिए कहा है। सूत्रों के मुताबिक, खेल मंत्रालय ने आईओए से आग्रह किया है कि लवलीना की निजी कोच संध्या गुरुंग को मान्यता दी जाए, ताकि मुक्केबाज अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण ले सके। मंत्रालय ने आईओए को कॉमनवेल्थ फेडरेशन से तत्काल बात करने के भी निर्देश दिए हैं। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर खुद लवलीना बोरगोहेन के मामले को देख रहे हैं। उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के संपर्क में रहने और जल्द से जल्द इस मुद्दे को हल करने का निर्देश दिया है। वहीं, इस मामले में पर लवलीना की कोच संध्या गुरुंग की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। संध्या ने कहा- हम उम्मीद करते हैं कि हमारे सभी मुक्केबाज पदक लाएंगे। खिलाड़ी हमेशा चाहते हैं कि उनके कोच उनके साथ रहें। मैं लवलीना को प्रशिक्षित नहीं कर पा रही हूं, क्योंकि मुझे खेल गांव में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। मुझे उम्मीद है कि आज यह समस्या हल हो जाएगी, वरना मैं उसे ट्रेनिंग नहीं दे पाऊंगी। वहीं, भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम के कोच भास्कर भट्ट ने कहा है कि लवलीना की कोच अब टीम के साथ हैं और सभी समस्या का समाधान बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और आईओए ने कर लिया है। हमारे सभी मुक्केबाज आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए तैयार हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे सभी खिलाड़ी देश के लिए पदक लाएंगे।

# कटनी के बालिका सुधार गृह में 2 साल रही युवतियां को फिर से घर वालों ने स्वीकारा, हुई खुशी-खुशी वापसी

## शहडोल से कटनी भेजी गई थीं युवतियां

**कटनी।** कटनी के बालिका सुधार गृह से 2 साल बाद 5 युवतियों को उनके परिजन अपने साथ ले गए। यह न सिर्फ सुधार गृह के कर्मचारियों के लिए खुशी का पल था वरन शहडोल जिले से आई इस युवतीयों को घर भेजने के प्रयास में लगे वन स्टाप सेंटर के लिए भी राहत वाला था।

### ये है मामला

दरअसल शहडोल जिला मुख्यालय का वन स्टाप सेंटर पिछले सात सालों से वन स्टाप सेंटर यानी सखी पीड़ित महिलाओं व लड़कियों के लिए मददगार साबित हो रहा है। यहां पर सभी तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर अस्थायी आश्रय,पुलिस डेस्क विधि सहायता,चिकित्सा एवं परामर्श की सुविधा रहती है। यह महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत है और यहां एक ही छत के नीचे पीड़ित महिला को हर संभव मदद दी जाती है।

### कटनी बालिका सुधारगृह भेज दिया गया।

पिछले डेढ़ साल की बात करें तो यहां से पांच ऐसी बालिकाओं का पुनर्वास कराया गया है जो प्यार के चक्कर में बैठकर अपने घर से भाग गईं और बाद में उनको पुलिस ने वन स्टाप सेंटर लाकर छोड़ा। जब उनको माता पिता ने वापस ले जाने से मना किया तो कटनी बालिका सुधारगृह भेज दिया गया। वहां कुछ समय रहने के बाद वन स्टाप सेंटर की लगातार माता पिता और अन्य रिश्तेदारों के साथ काउंसलिंग के चलते उनकी फिर से घर वापसी हो गई।



### कोरोना काल में आई थी वन स्टाप

कोरोना काल में एक बालिका 17 मार्च 2020 को पुलिस के माध्यम से वन स्टाप सेंटर लाई गई। यह बालिका अपने घर से भाग गई थी और बाद मे पुलिस ने इसे यहां लाकर छोड़ा। चार महीने इसे सेंटर पर रखा गया और बाद में कटनी बालिका सुधारगृह भेज दिया गया। दो साल दस दिन बाद इसके माता पिता इसको अपने साथ रखने के लिए तैयार हो पाए। यह सब लगातार संवाद के कारण संभव हुआ। 11 जुलाई 2022 को इस लड़की का पुनर्वास कराया गया।

# रक्षाबंधन में रेलवे का बहनों को तोहफा, कटनी से निकलेगी फेस्टिवल स्पेशल

## रानी कमलापति अगरतला स्पेशल ट्रेन चलेगी

**कटनी, यशभारत।** रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के लिए गाड़ी संख्या 01665/01666 रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति के मध्य साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के रानी कमलापति स्टेशन से प्रारम्भ होकर होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया, गाडरवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन 4 अगस्त से 29 सितंबर तक (9 फेरे) प्रत्येक गुरुवार को रानी कमलापति स्टेशन से 15.30 बजे प्रस्थान कर, होशंगाबाद 16.28 बजे, इटारसी 17.05 बजे, पिपरिया 18.13 बजे, गाडरवारा 19॰13 बजे, नरसिंहपुर 19.43 बजे, जबलपुर 21.15 बजे, कटनी 22॰50 बजे, मैहर 23.46 बजे, अगले दिन सतना 00.05 बजे और तीसरे दिन 20.00 बजे अगरतला स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन 07 अगस्त से 2 अक्तूबर तक (9 फेरे) प्रत्येक रविवार को अगरतला स्टेशन से 15॰00 बजे प्रस्थान कर, तीसरे दिन सतना 08.05 बजे, मैहर 08.35 बजे, कटनी 09.20 बजे, जबलपुर 10.40 बजे, नरसिंहपुर 11.58 बजे, गाडरवारा 12.30 बजे, पिपरिया 13.05 बजे, इटारसी 14.40 बजे, होशंगाबाद 15.08 बजे और 16.35 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी।

### गाड़ी के हाल्ट

यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, नौगचिया, कटिहार, किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, न्यू बोंगाईगांव, रंगिया, गौहाटी, चापरमुख, न्यू हाफलांग, बदरपुर जंक्शन, न्यू करीमगंज, धर्मानगर, कुमारघाट, अम्बासा एवं टेलियामुरा स्टेशनों पर रुकेगी।

# कटनी जिले में बोवनी 50 फीसदी से कम, बारिश कम का दिखने लगा असर

**कटनी।** प्रदेश में पहले वर्षा में विलंब और फिर लगातार पानी गिरने के कारण इस वर्ष धान की बोवनी प्रभावित हुई है। जबलपुर, कटनी, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर, ग्वालियर, शिवपुरी सहित अन्य जिलों में बोवनी 50 प्रतिशत से भी कम है। नरसिंहपुर में तो कम वर्षा के कारण किसानों ने नलकूप से खेतों में पानी भरकर बोवनी की। अभी तक 13.77 लाख हेक्टेयर में ही बोवनी हुई है। यह पिछले साल इस अवधि में हुई बोवनी से छह लाख हेक्टेयर कम है। हालांकि, मक्का, बाजारा और ज्वार की बोवनी जरूर लक्ष्य के अनुरूप हो चुकी है। सोयाबीन 49.79 और उड़द की बोवनी 12.83 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है। प्रदेश में वर्ष 2022 में 147 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसल की बोवनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धान के लिए 34 लाख 71 हजार हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है। पिछले साल 22 जुलाई तक 19.83 लाख हेक्टेयर में बोवनी हो गई थी लेकिन इस बार यह 13.77 लाख हेक्टेयर में ही हो पाई। धान के प्रमुख क्षेत्र कटनी व बालाघाट में 14 और नरसिंहपुर में 27 प्रतिशत बोवनी हुई। सिंगरौली, सतना और दतिया में 11, बुरहानपुर में 18 प्रतिशत ही लक्ष्य की पूर्ति हुई है। जबकि, सीहोर, विदिशा, हरदा, अशोकनगर, गुना और झाबुआ में धान की सौ प्रतिशत बोवनी हो चुकी है।



### धान के प्रमुख क्षेत्र कटनी व बालाघाट में 14 प्रतिशत

# सावन के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में दिन भर अनुष्ठान

## कटनी के शिव मन्दिरों में उमड़े श्रद्धालु



**कटनी, यशभारत।** दूसरे सावन सोमवार पर भी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान भक्त मंदिरों में भगवान भोलेनाथ को सुबह से ही जल अर्पित करने पहुंचे। भक्तों की लाइन लगी रही। शहर के मधई मंदिर सहित जिले के रूपनाथ धाम में भी श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने पहुंचे। इसके अलावा अन्य प्रमुख मंदिरों सहित घरों में भी भक्तों ने भगवान का पूजन अर्चन किया। शहर के प्राचीन शिव मंदिर मधई में सुबह से लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को नैवेद्य अर्पित किए। पुजारी राधाकृष्णाचार्य व बिहारी महाराज ने भोलेनाथ की पूजा की। शहर के प्रमुख शक्तिपीठ मां जालपा मढ़िया भी श्रद्धालु पहुंचे। सोमवार के अवसर पर मधई मंदिर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण व अभिषेक का आयोजन किया गया। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग बनाए। कटायेघाट हनुमान मंदिर, शिव मंदिर अस्पताल रोड, माई नदी शिव मंदिर, शीतला माता मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, खिरहनी मंदिर, चंडिका मंदिर कुठला, माधवनगर स्थित भोलेशंकर मंदिर, गौरी शंकर मंदिर, विश्राम बाबा मंदिर, आदि में भी पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। रूपनाथ व विजयनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालु: शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में दूसरे सावन सोमवार पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। शिवमंदिरों में सुबह से जल अर्पित करने वाले श्रद्धालुओं को तांता लगा रहा। जिले के प्रसिद्ध रूपनाथ धाम व बरही के विजयनाथ धाम सहित अन्य स्थानों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में दूसरे सावन सोमवार पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। शिवमंदिरों में सुबह से जल अर्पित करने वाले श्रद्धालुओं को तांता लगा रहा। जिले के प्रसिद्ध रूपनाथ धाम व बरही के विजयनाथ धाम सहित अन्य स्थानों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व मेरा नाम एकता गुलाबवानी पिता श्री सुरेश कुमार गुलाबवानी था, जो कि विवाहोपरांत बदलकर श्रीमती साक्षी बखतानी पति श्री रवि बखतानी हो गया है। विवाह के बाद में अपने पति के राशन कार्ड व समग्र आई.डी. में अपना नाम साक्षी बखतानी दर्ज करना चाहती हैं एवं मेरे पुत्र रिहांश बखतानी का नाम भी राशन कार्ड में जोड़ा जावे।

**पता- श्री रवि बखतानी**
**पिता श्री राजकुमार बखतानी**
**आचार्य कृपलानी वार्ड नं 41**
**माधवनगर**
**जिला कटनी (म.प्र.)**


# ब्लाक में फंसीं कटनी की कई ट्रेनें यात्रियों की फजीहत



### कटनी रायपुर रेल मार्ग पर आ रही कोई न कोई समस्या

**कटनी।** कटनी रेल लाइन का ब्लाक रविवार को खत्म हो गया। इसके साथ ही दुर्ग, रायपुर भाटापारा तरफ की रद्द सभी एक्सप्रेस ट्रेनें अब चलने लगी हैं। एक सप्ताह तक कटनी रेल लाइन की 18 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहा। दुर्ग-नौतनवा, कानपुर, संपर्क क्रांति, जम्मूतवी जैसे लंबी दूरी की ट्रेनें ब्लाक में फंसी, परंतु ये सभी ट्रेनें चलने लगी हैं। वहीं दूसरी तरफ नागपुर रेल लाइन सोमवार से 24 घंटे के लिए ब्लाक हो रही हैं। इससे 20 ट्रेनें 25 और 26 जुलाई को रद्द हो रही हैं, जिसमें कई पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे प्रशासन के अनुसार नागपुर रेल लाइन पर राजनांदगांव-कलमना सेक्शन के बीच रेल विकास के कई कार्य कराने हैं। इसलिए ब्लाक लिया गया है। रायपुर स्टेशन से मंगलवार को सिकंदराबाद एक्सप्रेस नहीं चलेगी। ये ट्रेन सोमवार को सिकंदराबाद से रद्द रहेगी।

# दो दिन की बारिश ने कर दिया लोगों को परेशान

**कटनी।** वर्षा ने सभी वार्डों में नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। शहर के उपनगरीय क्षेत्र के आचार्य कृपलानी वार्ड में तो नागरिकों परेशान हो गए हैं। जरा सी वर्षा से पूरी सड़कों पर पानी भर गया। सब्जी मंडी के पीछे पूरे क्षेत्र में यहा नागरिकों पानी भर जाने से भारी परेशानी हुई। शहर की विभिन्नाा सड़कों पर पानी भर रहा है। इससे रहवासी परेशान हैं। वर्षा उनको लिए एक समस्या बन गई है। कटनी शहर वासियों को बरसात में सबसे ज्यादा किसी विभाग ने परेशान किया तो वो है बिजली विभाग जिसकी पूरी व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई हैं।



### आचार्य कृपलानी वार्ड के नागरिक परेशान

मूलभूत सुविधाएं सड़क, पानी, बिजली व साफ-सफाई नही होने से माधवनगर क्षेत्र के आचार्य कृपलानी वार्ड के नागरिक परेशान हैं। मूलभूत सुविधाएं वार्ड में मुहैया नही होने से जूझ रहे है। वार्ड वासियों ने बताया कि वार्ड में सफाई कर्मियों के नहीं पहुंचने से चारों ओर बिखरी पड़ी बजबजाती गंदगी व आवारा पशुओं दिन भर कचरे के ढेर के आस-पास बने रहने से लोगों का बुरा हाल है।

### निस्तार का पानी सड़क पर जमा

वार्डवासी कई शिकायतों में कर चुके है पर सभी प्रयास विफल रहे जन प्रतिनिधियों द्वारा रहवासियों की समस्याओं का काई उपाय व आश्वासन तक नहीं दिया गया है। यहां पर मुख्य सड़कों को जोड़ने वाली सड़क पर नालिया नहीं होने से रहवासियों के निस्तार का पानी सड़क पर जमा होता है। जिस कारण यहां से निकलने वाले नागरिकों को परेशानी का समाना करना पड़ता है। गौरतलब है कि इस सड़क से तिलक महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं समेत स्कूली बच्चों का पैदल व वाहनों से आवाागमन अधिक होता है जिससे वार्डवासी परेशान हैं।

## ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, हाथ में नहीं, हो रहा चालान

**कटनी। यशभारत।** आपको यकीन न हो लेकिन ये सही है। शहर की सड़कों पर 1500 से अधिक वाहन बिना रजिस्ट्रेशन कार्ड के दौड़ रहे हैं। दरअसल इसका कारण परिवहन विभाग में वाहन रजिस्ट्रेशन कार्ड की कमी होना है। इसका खामियाजा वाहन चालकों को पुलिस जांच में भुगतना पड़ रहा है। चैकिंग के दौरान जब यातायात पुलिस ऐसे वाहन चालकों से रजिस्ट्रेशन कार्ड मांगते हैं तो वे परिवहन विभाग की कमियां गिनाने लगाते हैं और ऑनलाइन नंबर डालकर अफसरों को दिखाते हैं कि उन्होंने अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन कराया है।


## सूचना

मै स्मिता साहू उर्फ सुमन मोदी पति धर्मेन्द्र कुमार मोदी, उम्र लगभग 52 वर्ष निवासी मस्जिद गली सुभाष वार्ड कटनी, तहसील व जिला कटनी मप्र शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं। मेरा विवाह पूर्व नाम स्मिता साहू है जो मेरे स्टेट बैंक ऑफ इंदौर बैंक एफ.डी.नं. 2910181 में अंकित है। मेरे विवाह हो जाने उपरांत मेरा नाम सुमन मोदी हो गया है जो मेरे आधार कार्ड आदि दस्तावेजों में अंकित है। यह कि स्मिता साहू एवं सुमन मोदी एक ही महिला अर्थात मेरे ही नाम है। अतः यह सूचना सर्वसाधारण है।


# चुनाव संपन्न अब तो सुनने वाले भी नही आएंगे

## बालाजी नगर इंदिरा गांधी वार्ड का हाल बेहाल चहुंओर समस्या ही समस्या



**कटनी, यशभारत।** बालाजी नगर इंदिरा गांधी वार्ड का हाल किसी से छिपा नहीं है जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों को छोड़कर यहां जब तक चुनाव थे तब तक बड़े बड़े वादे भी सुनने मिले थे जैसे ही चुनाव खत्म हुए न पार्षद न महापौर किसी को अब कोई मतलब नहीं, जनता ठगी गई यह कहने पर विवस है कि नेताओं ने सिर्फ अपना काम सिद्ध करना था जो उन्होंने कर लिया। बालाजी नगर में रहने वाले लोगों के घरों में लाइट तो है पर वोल्टेज इतना कम की पंखा भी ना चले। रोड तो है परंतु गड्ढे मिट्टी कीचड़ इतना है की यहां से पैदल हो या गाड़ी से निकालना मुश्किल है। कम वोल्टेज और तारों का जंजाल होने के बावजूद लाइट जलाओ या ना जलाओ 15 सौ से 2000 प्रतिमाह टीसी कनेक्शन का देना ही पड़ता है। हजारों जगह हाथ पैर जोड़ने के बावजूद न ही नगर निगम न ही किसी जनप्रतिनिधि के द्वारा इसकी सुध ली जा रही।




**सिटी मॉल बरही रोड में**
**ऑल इंडिया रिलीज**
**रोजाना 8 शो ता. 22 से**
**दोपहर 12, 1, 3, 4, 6, 7, 9 एवं रात्रि 10 बजे से**




**शमशेरा**
**कलाकार- रणवीर कपूर, संजय दत्त, वाणी कपूर, आशुतोष राणा आदि।**
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)